शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 127 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 02 जून 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# अबकी बार एनडीए 400 पार...

## भाजपा मारेगी हैट्रिक, इंडी गठबंधन की निकली हवा, सभी एग्जिट पोल में एनडीए को पूर्ण बहुमत की सरकार बनती दिख रही है

**नई दिल्ली**

**लोकसभा** चुनाव 2024 के सातों चरण की वोटिंग खत्म हो गई है। अब 4 जून को नतीजे आएंगे, लेकिन उससे पहले तमाम न्यूज चैनलों और एजेंसियों के एग्जिट पोल्स सामने हैं। एनडीटीवी न्यूज चैनल के एग्जिट पोल में कहा गया है कि शनिवार को संपन्न हुए आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले गठबंधन को बहुमत मिलने का अनुमान है। जबकि दो एग्जिट पोल में अनुमान लगाया गया है कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) संसद के 543 सदस्यीय निचले सदन में 350 से अधिक सीटें जीत सकता है, जहां साधारण बहुमत के लिए 272 की आवश्यकता होती है। 2019 के चुनाव में एनडीए ने 353 सीटें जीती थीं। राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व वाले विपक्षी 'इंडी' गठबंधन को 120 से अधिक सीटें जीतने का अनुमान लगाया गया है। वहीं, राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भारत में अब तक एग्जिट पोल का रिकॉर्ड खराब रहा है, क्योंकि वे अक्सर चुनाव के नतीजे गलत बताते हैं। विश्लेषकों का कहना है कि बड़े और विविधतापूर्ण देश में उन्हें सही बताना एक चुनौती है। हालांकि, विपक्ष ने एग्जिट पोल को खारिज कर दिया है और उसके जारी होने से पहले "पूर्वनिर्धारित" कहा था। 19 अप्रैल से शुरू हुए सात चरणों के चुनाव में लगभग एक अरब लोग मतदान करने के पात्र थे और कई हिस्सों में भीषण गर्मी में चुनाव हुए। चुनाव आयोग 4 जून को वोटों की गिनती करेगा और उसी दिन नतीजे आने की उम्मीद है। 73 वर्षीय मोदी की जीत उन्हें स्वतंत्रता नेता जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीन बार जीतने वाले दूसरे प्रधानमंत्री बना देगी। मोदी ने पिछले 10 वर्षों में अपनी उपलब्धियों पर ध्यान केंद्रित करके अपने फिर से चुनाव अभियान की शुरूआत की, लेकिन जल्द ही उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधना शुरू कर दिया और उस पर भारत के अल्पसंख्यक मुसलमानों का पक्ष लेने का आरोप लगाया, जिसे विपक्षी पार्टी नकारती है। चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में कहा गया था कि भाजपा चुनाव में आसानी से अपना बहुमत बनाए रखेगी। लेकिन पार्टी को "इंडी" गठबंधन के जोशीले अभियान का सामना करना पड़ा, जिससे इस बात पर संदेह पैदा हो गया कि मुकाबला कितना करीबी हो सकता है। उल्लेखनीय है कि विपक्ष ने लोकसभा चुनाव के दौरान बड़े पैमाने पर सकारात्मक कार्यक्रमों और संविधान को मोदी के तानाशाही शासन से बचाने के मुद्दे पर अभियान चलाया। हालांकि, भाजपा विपक्ष के तमाम आरोपों से इनकार करती रही।

### लोकसभा चुनाव / एग्जिट पोल-2024 / सीटें: 543 / बहुमत: 272

| एजेंसी | भाजपा+ | कांग्रेस+ | अन्य |
|---|---|---|---|
| न्यूज 24- टुडेज चाणक्य | 400 | 107 | 36 |
| इंडिया टुडे- एक्सिस माय इंडिया | 361-401 | 131-166 | 8-20 |
| एबीपी सी-वोटर | 353-383 | 152-182 | 04-12 |
| इंडिया टीवी-सीएनएक्स | 371-401 | 109-139 | 10-20 |
| टीवी 9-पोल स्ट्रैट, पीपल्स इनसाइट | 342 | 166 | 35 |
| रिपब्लिक पीमार्क्यू | 359 | 154 | 30 |
| जन की बात | 362-392 | 141-161 | 10-20 |
| रिपब्लिक मैट्रिज | 353-368 | 118-135 | 118-135 |
| टाइम्स नाऊ | 358 | 132 | 53 |
| इंडिया न्यूज डी-डायनमिक्स | 371 | 125 | 47 |
| न्यूज नेशन | 342-378 | 153-169 | 21-23 |

## अवसरवादी विपक्षी गठबंधन को जनता ने नकारा: मोदी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने शनिवार को उम्मीद जताई कि लोगों ने एक बार फिर एनडीए सरकार को चुनने के लिए रिकॉर्ड मतों से मतदान किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अवसरवादी विपक्षी गठबंधन मतदाताओं के साथ तालमेल बिठाने में विफल रहा और लोगों ने उनकी प्रतिगामी राजनीति को नकार दिया। पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार जिस तरह से गरीबों और हाशिए पर पड़े लोगों, दलितों के जीवन में गुणात्मक बदलाव लाई है, उसे लोगों ने देखा है। उन्होंने लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने वाले मतदाताओं को धन्यवाद दिया और कहा कि लोगों की सक्रिय भागीदारी हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है।

## यूपी में फिर दिख सकता है मोदी-योगी का जादू

**उत्तर** प्रदेश में लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण की 13 लोकसभा सीटों पर मतदान खत्म हो गयौ। उत्तर प्रदेश समेत सभी राज्यों की सीटों के एग्जिट पोल्स सामने आने लगे हैं।

**न्यूज नेशन के एग्जिट पोल में एनडीए को 67 और इंडिया को 10 सीटें**

**न्यूज** नेशन के एग्जिट पोल के मुताबिक, एनडीए को यूपी की 80 सीटों में से 67 सीटें मिल सकती हैं। इंडिया गठबंधन को 10 सीटें और अन्य के खाते में तीन सीटें जा सकती हैं।

**जन की बात के एग्जिट पोल में भी एनडीए को बढ़त:**

न की बात के एग्जिट पोल के अनुसार, एनडीए 68 से 74 सीटों पर जीत हासिल कर सकती है, जबकि इंडिया गठबंधन 12 से 6 सीट अपने नाम कर सकता है। यहां भी बसपा के खाते में कोई भी सीट न जाने का दावा किया गया है।

**इंडिया न्यूज-डी डायनमिक्स एग्जिट पोल**

इंडिया न्यूज-डी डायनमिक्स के एग्जिट पोल के अनुसार, यूपी की 80 सीटों में से एनडीए को 69 सीटें और इंडिया गठबंधन को 11 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। बीएसपी (बहुजन समाज पार्टी) को बड़ा झटका लग सकता है।

**रिपब्लिक-पीएमएआरक्यू के एग्जिट पोल में यूपी में एनडीए को 69 सीटें:** रिपब्लिक-पीएमएआरक्यू के अनुसार, उत्तर प्रदेश की 80 सीटों में से एनडीए 69 सीटें जीत सकता है। जबकि इंडिया गठबंधन 11 सीटें अपने नाम कर सकता है।

## दिल्ली: दो एक्जिट पोल में बीजेपी को नुकसान;

**नई दिल्ली/एजेंसी**

**दिल्ली** की सभी सात सीटों पर एग्जिट पोल सामने आ रहे हैं। किसी में भाजपा को नुकसान तो किसी में दबदबा कायम रहने का अनुमान जताया गया है।

**टुडेज चाणक्या में एक सीट कांग्रेस के खाते में जाने का अनुमान:** न्यूज 24 टुडेज चाणक्य के एग्जिट पोल के मुताबिक दिल्ली में छह-सात सीटें बीजेपी के खाते में जबकि एक सीट कांग्रेस को मिलने का अनुमान है।

**टीवी 9 के एग्जिट पोल में सातों सीट पर भाजपा आगे:** टीवी 9 एक्जिट पोल में भाजपा एक बार फिर कमाल करती हुई नजर आ रही है।

## कमर्शियल गैस सिलेंडर 72 रुपये हुआ सस्ता, नई दरें लागू

**नई दिल्ली**

**लोकसभा** चुनाव के बीच जून के पहले दिन महंगाई के मोर्चे पर अच्छी खबर है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 72 रुपये की कटौती की है। नई दरें आज (शनिवार) से लागू हो गई हैं। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 69.50 रुपये घटकर 1676 रुपये हो गया है। कोलकाता में इसकी कीमत अब 72 रुपये घटकर 1787 रुपये प्रति सिलेंडर हो गया है। मुंबई में कमर्शियल गैस सिलेंडर 69.50 रुपये सस्ता होकर अब 1629 रुपये में मिलेगा। वहीं, चेन्नई में इसकी कीमत 1840.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गया है। चंडीगढ़ में 19 किलोग्राम वाला कमर्शियल गैस सिलेंडर 1697 रुपये में मिलेगा। पटना में कमर्शियल गैस सिलेंडर का भाव 1932 रुपये हो गया है। भोपाल में कमर्शियल गैस सिलेंडर 1704 रुपये में मिलेगा, जबकि लखनऊ में 19 किलोग्राम का कमर्शियल गैस 2050 रुपये में मिलेगा। यह लगातार तीसरा महीना है जब कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने कटौती की है। हालांकि, 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## प्रमाणिक मृत्यु पूर्व बयान दोषसिद्धि का एकमात्र आधार हो सकता है: सुप्रीम

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मृत्यु पूर्व दिया गया बयान और अगर उस पर अदालत को विश्वास है तो वह बिना किसी पुष्टि के अभियुक्त की दोषसिद्धि का एकमात्र आधार हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने 15 मई को एक याचिका पर सुनवाई के दौरान ये बात कही। इसके साथ ही सर्वोच्च अदालत ने महाराष्ट्र के बीड में 22 साल पुराने मामले में पूर्व सैन्य कर्मी को पत्नी की हत्या के मामले में दोषसिद्धि को बरकरार रखा। कोर्ट ने कहा कि अदालत को बेहद सावधानी से मृत्यु पूर्व कथन की जांच करनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि यह विश्वसनीय, सुसंगत और बगैर किसी पूर्व धारणा के दिया गया हो।

## मध्य प्रदेश में फिर खिल सकता है 'कमल'

**भोपाल**

**मध्य प्रदेश** लोकसभा चुनाव में इस बार भी भाजपा को बढ़त मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है। 1 जून शाम को सामने आए तमाम सर्वे में भारतीय जनता पार्टी को 28-29 सीटें दी गई हैं। अपनी बड़ी जीत का दावा कर रही कांग्रेस इन आंकड़ों से चिंतित नजर आ रही है। क्योंकि कई सर्वे में भाजपा को क्लीन स्वीप दिया जा रहा है। इसका सीधा सा मतलब है कि छिंदवाड़ा भी इस बार कांग्रेस के हाथ से जाती दिख रही है। बता दें कि मध्य प्रदेश की 29 सीटों के लिए चार चरणों में मतदान हुआ था। कांग्रेस लगातार दावा कर रही थी कि इस बार प्रदेश में भाजपा को बड़ा नुकसान होगा। पर आज आए एग्जिट पोल भाजपा को बढ़त दिखा



रहे हैं। हालांकि एग्जिट पोल सिर्फ अनुमान हैं। 4 जून को आने वाले नतीजे तय करेंगे कि प्रदेश में किस दल को कितनी सीटें मिली हैं।

**क्या कहते हैं सर्वे**

लोकसभा चुनाव के सातों चरण का मतदान होने के बाद एग्जिट पोल सामने आए हैं। हम यहां आपको बता रहे हैं कि किस सर्वे में किस दल को कितनी सीटें मिल रही हैं। न्यूज 24- टुडेज चाणक्य के सर्वे में भाजपा को प्रदेश की सभी 29 सीटें दी गई हैं। कांग्रेस को एक भी सीट इस सर्वे में नहीं दी जा रही है। इंडिया टीवी के सर्वे में भाजपा को 28 से 29 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। कांग्रेस को एक सीट दी जा रही है। एबीपी सी वोटर की मानें तो भाजपा को 26-28 सीटें तो कांग्रेस को 1-3 सीटें मिल सकती हैं। इंडिया टुडे-एक्सिस माय इंडिया के सर्वे में भाजपा को 28-29 सीटें मिलने का अनुमान जताया जा रहा है। कांग्रेस को 0-1 सीटें मिल सकती हैं। दावा किया जा रहा है कि नकुलनाथ भी अपनी सीट गंवा सकते हैं। वहीं एनडीए को 61 प्रतिशत वोट का अनुमान भी बताया गया है।

## बिहार में सभी एग्जिट पोल में एनडीए आगे

**बिहार की** 40 सीटों पर टुडेज चाणक्या का भी एग्जिट पोल आ गया है। इसने भारतीय जनता पार्टी व सहयोगी दलों को 36 सीटें दी हैं, लेकिन साथ ही चार सीटें कम या ज्यादा होने का भी अनुमान रखा है। इसी तरह कांग्रेस व सहयोगी, यानी महागठबंधन को चार सीटें दी हैं। यह संख्या चार बढ़ या घट सकती हैं। अन्य के खाते में इस एग्जिट पोल ने भी एक सीट रखी है।

**मैट्रिज** के एग्जिट पोल में बिहार की 40 में से 32 से 37 सीटें एनडीए को दी गई हैं। इंडी एलायंस को दो से सात सीटें दी गई हैं। इस एग्जिट पोल में अन्य को एक सीट दी गई है।

**इंडिया** टीवी के एग्जिट पोल में



भाजपा की सभी 17 सीटें कायम रह गई हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में जदयू को 16 सीटों पर जीत मिली थी, इस एग्जिट पोल ने उसे 11 से 13 सीटें दी हैं। मतलब, सीधा-सीधा नुकसान यहीं है। इस एग्जिट पोल ने लोजपा को भी नुकसान दिखाया है। लोजपा-रामविलास को तीन से चार सीटें मिलने का अनुमान दिखाया है। इस एग्जिट पोल में हम अपनी इकलौती सीट जीत रहा है। उपेंद्र कुशवाहा के लिए अनुमान अस्पष्ट है। लालू प्रसाद यादव की पार्टी राजद को तीन से पांच सीटें दी जा रही हैं। कांग्रेस को इस एग्जिट पोल में दो सीटें दी जा रही हैं- किशनगंज और कटिहार। अन्य के खाते में एक सीट है।

**आजतक-एक्सिस** माई इंडिया के एग्जिट पोल के अनुसार, बिहार में 48 प्रतिशत वोट एनडीए के खाते में जा रहे हैं। पिछली बार 56 प्रतिशत वोट प्रतिशत आया था। दो पार्टियां जुड़नें के बावजूद नुकसान की बात सामने आ रही है। वहीं महागठबंधन को इस बार बिहार में 42 प्रतिशत वोट प्रतिशत मिला है। जबरदस्त उछाल है। बिहार में एनडीए को 27 से 32 सीटें मिलने का दावा किया गया है।

भाजपा को 17 की जगह 13 से 15 सीटें मिलेंगी। जदयू को 16 की जगह नौ से 11 सीटों पर जदयू की जीत संभावित। लोजपा-रा को चार सीटें मिलने की उम्मीद है। महागठबंधन को 7 से 10 सीटें मिलने का दावा किया जा रहा।

## तीन दिन बाद पूरा हुआ पीएम मोदी का ध्यान



### 45 घंटे तक कन्याकुमारी में की साधना, अंतिम दिन विवेकानंद के छुए पैर

**कन्याकुमारी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीन दिवसीय ध्यान पूरा हो गया है। पीएम मोदी पिछले 45 घंटे से कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान कर रहे थे। वे तीन दिन ध्यान मंडपम में ही रहे। इस ध्यान मंडपम की खास बात यह है कि यह वही स्थान है, जहां स्वामी विवेकानंद ने देश भ्रमण के बाद तीन दिनों तक ध्यान किया था। यहीं उन्होंने विकसित भारत का सपना देखा था। ऐसी मान्यता है कि इस स्थान पर देवी पार्वती ने एक पैर पर खड़े होकर साधना की थी।

**दूसरे दिन भगवा गमछे में दिखे थे पीएम मोदी:** ध्यान के दूसरे दिन की शुरूआत पीएम मोदी ने सूर्योदय के समय सूर्य को अर्घ्य देकर किया। पीएम मोदी के ध्यान का भी एक वीडियो सामने आया, वीडियो में पीएम मोदी भगवा कुर्ता और गमछे में थे। कल उन्होंने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष बैठकर ध्यान की। उनके हाथों में माला है और ओम की आवाज गूंज रही थी।

**पारंपिरक दक्षिण भारतीय परिधान में कन्याकुमारी पहुंच थे**

पीएम मोदी गुरुवार को कन्याकुमारी पहुंचे थे। प्रधानमंत्री धोती पहने दक्षिण भारत की पारंपरिक पोशाक में दिखे। उन्होंने ऑफ-व्हाइट रंग का शॉल ओढ़ रखा था। कन्याकुमारी पहुंचने के बाद भगवती अम्मन मंदिर में प्रार्थना और पूजा-अर्चना की। बता दें, आम चुनाव का प्रचार थमने के बाद पीएम मोदी हर बार आध्यात्मिक यात्रा पर जाते हैं।

## आग लगने पर अब नहीं होगा गैस सिलिंडर ब्लास्ट

**हल्द्वानी/एजेंसी**

**इंडेन** ने ऐसा घरेलू गैस सिलिंडर लांच किया है, जिसकी हर किसी को जरूरत थी। इंडेन के कंपोजिट गैस सिलिंडर का आकार छोटा होने के साथ ही इसकी कई खूबियां हैं। सुरक्षा की दृष्टि से बनाया गया फाइबर परत का यह सिलिंडर आग लगने से फटेगा नहीं बल्कि आग लगने पर सिकुड़ कर सिमट जाएगा। 16 किलो वजन का यह सिलिंडर पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों के लिए सुविधाजनक है। साथ ही इसे महिलाएं व बुजुर्ग भी आसानी से उठा सकते हैं। इंडियन आयल ने उत्तराखंड में पायलट प्रोजेक्ट के तहत इंडेन गैस का कंपोजिट सिलिंडर लांच कर दिया है। कंपनी



का दावा है कि यह पूरा विस्फोट रोधी है। सामान्य सिलिंडर के विस्फोट होने पर कई बार बड़े हादसे हो जाते हैं लेकिन इसमें विस्फोट नहीं होगा। थ्री लेयर फाइबर मटेरियल (ब्लो-मोल्डेड हाई डेंसिटी पालीइथिलीन) से बना यह सिलिंडर पारदर्शी भी है, जिसमें उपभोक्ताओं को आसानी से गैस का लेवल दिख सकेगा। इसमें एलपीजी की घटतौली भी नहीं हो सकेगी। छह किलोग्राम सिलिंडर में 10 किलो एलपीजी गैस भरी रहेगी। इसका कनेक्शन लेने के लिए उपभोक्ताओं को तीन हजार रुपये सिक्योरिटी मनी देनी पड़ेगी। जिसके बाद 10 किलो एलपीजी वाला यह सिलिंडर 590 रुपये का मिलेगा। जबकि 14 किलो का सामान्य घरेलू सिलिंडर उपभोक्ताओं को 823 रुपये का मिल रहा है। लोहे के सिलिंडर से घर के फर्श में दाग-धब्बे पड़ जाते हैं, लेकिन फाइबर के इस सिलिंडर से कोई धाग नहीं पड़ेगा।

## चेन्नई में धड़ल्ले से बोतल में बिक रहा था 'मां' का दूध,

**चेन्नई**

**खाद्य** सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को चेन्नई के माधवरम में कथित तौर पर मां का दूध या इंसानी दूध बेचने वाले दुकान को सील कर दिया। दुकान के मालिक जिसके पास प्रोटीन पाउडर बेचने का लाइसेंस है, अवैध रूप से इंसानी दूध भी बेच रहा था। यहां 50 मिलीलीटर दूध की बोतल 500 रुपये में बेची जा रही थी। पिछले सप्ताह केंद्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरण को शिकायत मिली थी कि माधवरम में मां के दूध को बेचने के लिए स्टोर किया गया है। जानकारी के बाद शुक्रवार को की गई छापेमारी में दुकान से मां के दूध वाली लगभग 50 बोतलें जब्त की गईं।

अधिकारी ने कहा, हमें बोतलों में रखा गया इंसानी दूध मिला। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा, हमने दुकान को सील कर दिया है।

## इंडिया गठबंधन की बनेगी सरकार: खरगे

**नई दिल्ली/एजेंसी**

**लोकसभा चुनाव** 2024 से सातवें और अंतिम चरण के वोटिंग हो गई। शुक्रवार को कांग्रेस ने फैसला किया था कि वह लोकसभा चुनाव के एक जून को विभिन्न समाचार चैनलों पर होने वाले एक्जिट पोल की चचाओं में शामिल नहीं होगी। लेकिन आज इंडी गठबंधन की मीटिंग के दौरान ही कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने साफ कर दिया कि कांग्रेस एग्जिट पोल्स की डिबेट्स में हिस्सा लेगी। वहीं इंडी गठबंधन की बैठक के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इंडी गठबंधन कम से कम 295 सीटें जीतेगा। पवन खेड़ा ने कहा कि इंडिया गठबंधन की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि एग्जिट पोल्स से संबंधित भाजपा व उसके तंत्र को



बेनकाब करना आवश्यक है। एग्जिट पोल्स की डिबेट्स में भाग लेने के पक्ष और विरोध के तमाम पहलुओं पर चर्चा के पश्चात सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि इंडिया गठबन्धन के तमाम सदस्य दल एग्जिट पोल्स की डिबेट्स में हिस्सा लेंगे। शुक्रवार को कांग्रेस कांग्रेस पार्टी ने कहा था कि वह टीआरपी के खेल की लड़ाई और अटकलबाजी में शामिल नहीं होना चाहती है।

कांग्रेस के एग्जिट पोल से किनारा करने के बयान पर भाजपा ने कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि इस बार हार के कारण को बयां ना कर पाने की स्थिति में कांग्रेस एक्जिट पोल का बहिष्कार कर रही है। इससे इस बात की भी साफ पुष्टि हो गई है कि विपक्षी दल ने 2024 के लोकसभा चुनाव में अपनी हार मान ली है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को टीवी न्यूज चैनलों पर कांग्रेस के एक्जिट पोल का बहिष्कार करने के निर्णय पर कहा कि काफी समय से कांग्रेस पार्टी डिनायल मोड में ही है।

## प्रयागराज में गर्मी और लू बनी आफत...

# 24 घंटे में 15 लोगों की मौत से मचा हड़कंप भट्टी की तरह धधकने लगी है धरती

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रचंड गर्मी राहगीरों व ग्रामीण क्षेत्र में श्रमिकों की जान लेने लगी है। शुक्रवार को ट्रक ड्राइवर समेत अलग-अलग क्षेत्रों में पांच लोगों की मौत हो गई। इन्हें मिलाकर बीते 24 घंटे में 15 लोगों की जान चली गई। लगभग सभी मामलों में स्वजन की ओर से कहा गया है कि मौतें लू लगने से हुई, जबकि स्वास्थ्य विभाग ने फिलहाल इन्कार किया है।शुक्रवार को हंडिया तहसील क्षेत्र में बसुपुर गांव के पास 42 वर्षीय ट्रक ड्राइवर अर्जुन कुमार को चक्कर आ गया। ग्राम झिरिया सोहागी (मप्र) निवासी अर्जुन कुमार, वाराणसी से ट्रक लेकर आ रहा था। ढाबे में प्रवेश करते ही वह बेहोश हो गया। 108 एंबुलेंस कर्मी उसे




सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां से एसआरएन ला रहे थे।हनुमानगंज के आसपास अर्जुन की मौत हो गई। अर्जुन के साले शंकरगढ़ निवासी अनूप कुमार और अन्य स्वजन ने इसे लू से मौत माना और पोस्टमार्टम कराए बिना शव ले गए। हंडिया प्रतिनिधि के अनुसार मजरे महुआतर गांव निवासी 45 वर्षीय नानबाबू पुत्र रामअधार को गुरुवार को मजदूरी करते समय लू लग गई। शुक्रवार सुबह बिस्तर पर वह मृत अवस्था में मिला।

## मेजा में हीट स्ट्रोक से सात लोगों की मौत



**प्रयागराज।** गर्मी का सबब भीषण होते जा रहा है। लोग डिहाइड्रेशन से लेकर हीट स्ट्रोक के शिकार हो रहे हैं।मौसम विभाग के साथ-साथ हेल्थ एक्सपर्ट भी लोगों को इस जानलेवा गर्मी से बचने का सुझाव दे रहे हैं, इस बीच उत्तर प्रदेश के कई जिलों में गर्मी व हीट स्ट्रोक के कारण कई लोगों की मौत हो चुकी है।शुक्रवार को मेजा थाना क्षेत्र के सोरांव गांव के भारतीया बस्ती के एक अधेड़ सहदेव भारतीया और पाल बस्ती में एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। उसी क्रम में क्षेत्र के लखनपुर गांव निवासी अविनाश पांडे (48) निजी बस कंडक्टर की जिगना में हीट स्ट्रोक से निधन हो गया। मामले की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह गुनई गहरपुर निवासी चंद्र प्रकाश यादव की दादी सहित गांव के चार लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं मेजा के मेजिया गांव निवासी पुरुषोत्तम यादव को गुरुवार करीब 11 बजे दिन में लू लग गई और दो- तीन घंटे में उनकी मौत हो गई। मेजा क्षेत्र में हीट स्ट्रोक की चपेट में आने से दर्जन भर लोग असमय काल के गाल में समा गए हैं। नौतपा का यह रौद्र रूप मानवों के साथ ही जानवरों और पशु पक्षियों पर भारी पड़ रहा है।

## करछना में भीषण गर्मी और लू से हुई पूर्व सरपंच की मौत से कोहराम

**प्रयागराज।** भीषण गर्मी और लू की चपेट में आने से पूर्व सरपंच की शुक्रवार को मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं खबर पर घर पर आसपास के लोगों सहित सगे संबंधियों की भीड़ जुटी रही। करछना थाना क्षेत्र के ग्रामसभा धरवारा की मजरा हनुमानपुर गांव निवासी रहे पूर्व सरपंच व किसान नंदलाल द्विवेदी 61 वर्ष की इस भीषण गर्मी में लू लग जाने के कारण शुक्रवार दोपहर में मृत्यु हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। वही घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। और पत्नी बेसुध हो गई। नंदलाल द्विवेदी के दो बेटों में दुसरे प्रधानाचार्य प्रकाश नारायण द्विवेदी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर में अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई ।और उन्हें पास के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया।जहां पर डॉक्टरों की ओर से शहर के लिए भेज दिया गया। शहर पहुंचेएक निजी अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि



108 डिग्री फारेन हाइट बुखार के चलते इनकी मृत्यु हो गई है। उन्होंने बताया कि उनका अंतिम संस्कार शनिवार को मनिया गंगा घाट पर किया जाएगा। नंदलाल द्विवेदी क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी थे लोगों की मुसीबतों में उनके साथ हमेशा खड़े रहते थे और आज उनके जाने से एक समाजसेवी को क्षेत्र ने खो दिया क्षेत्र में उनकी पकड़ समाज में अच्छी थी जिससे क्षेत्र में भी शोक व्याप्त है और इस प्रकार से अचानक हुई घटना को लेकर लोक स्तब्ध हैं और दुःख व्यक्त कर रहे हैं।

# पत्रकार पर हमला करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

### चार आरोपित लोगों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया है मुकदमा

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी एक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार पर हमला करने वाले आरोपित को पुलिस ने दबोच कर शांति भंग में जेल भेज दिया है। आपको बताते चले की एक हिंदी दैनिक के पत्रकार 7 मई को पयागीपुर गांव में एक विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का समाचार संकलन करने जा रहे थे। कुछ दिन पूर्व बलीपुर बाजार में फलों का अधिक दाम लेने वाली छपी एक खबर से ग्रसित होकर बलीपुर बाजार में पत्रकार को रोक कर उन पर हमला कर दिया गया था। मामले में पुलिस ने पत्रकार की तहरीर पर फल विक्रेता प्रेमचंद पटेल उसके भांजे आदित्य पटेल,लल्लू पटेल, आकाश पटेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने मौके पर मिले प्रेमचंद पटेल को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया गया था। उसके बाद लालू चाय वाले को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया। लेकिन मुख्य अभियुक्त आदित्य पटेल फरार चल रहा था। शनिवार को आदित्य को पुलिस ने फल की दुकान से दबोच लिया और उसे भी शांति भंग में चालान कर दिया। बताया जाता है कि ननिहाल में रह रहा आदित्य काफी मनबढ़ हो गया था। वह आए दिन कई लोगों से




विवाद कर लेता था। लेकिन पत्रकार से पंगा लेना भारी पड़ गया।

पत्रकार पर हमला निंदनीय है। कोई भी हो किसी के साथ अन्याय नही होने दूंगा। अशांति फैलाने वाले बख्शे नहीं जायेगें।

**पंकज कुमार त्रिपाठी**
**थानाध्यक्ष,उतरांव, प्रयागराज**

## बहु से परेशान ससुर ने लगाई न्याय की गुहार

**उतरांव।** फूलपुर थाना क्षेत्र की सराय घूरदासपुर मस्जिदवा गांव में बहु से परेशान ससुर ने उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। वही बहू ने ससुर पति ननंद नंदोई के खिलाफ मुकदमा भी पंजीकृत कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित का आरोप है कि बहु से पीड़ित ससुर का कई शिकायत के बावजूद भी मुकदमा नहीं लिखा जा रहा है। फूलपुर के सराय घूरदासपुर मस्जिदवा गांव निवासी अमृतलाल विश्वकर्मा जो मजदूरी करता है।अपने बेटे प्रदीप विश्वकर्मा का विवाह 6 मई 2022 में जौनपुर के तिलोरा अमारा गांव में शिव शंकर विश्वकर्मा की बेटी चांदनी से हुई है। शादी की 6 माह बाद ही पति-पत्नी में आपस में विवाद चलने लगा। अमृत लाल का बेटा बाहर रहकर प्राइवेट कंपनी में काम कर परिवार का भरण पोषण करता है। वही ससुर के साथ बहू घर पर रहती थी। पति पत्नी में विवाद इतना बढ़ गया कि नौबत रिश्ता टूटने तक आ चुका था।पीड़ित अमृतलाल का आरोप है कि बहू के अवैध संबंधों का विरोध करने पर उन्हें मुकदमे में फसाने की धमकी भी मिल रही थी। वहीं आरोप है कि बहु द्वारा घर से स्त्री धन व कुछ नगद लेकर अपने मायके भी चली गई थी। अवैध संबंधों का विरोध करना पीड़ित अमृतलाल को भारी पड़ गया। वहीं बहू ने अपने ससुर अमृतलाल पति प्रदीप विश्वकर्मा ननंद नंदोई के खिलाफ दहेज उत्पीड़न छेड़खानी समेत अन्य संगीन धाराओं में फूलपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। जिसका पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है।वहीं पीड़ित अमृतलाल का कहना है कि बहू के प्रताड़ना को लेकर कई बार स्थानीय थाने व जौनपुर समेत अन्य उच्च अधिकारियों को लिखित रूप से शिकायत की लेकिन आज तक उसके व उसके प्रेमी के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकी। पीड़ित ने कहा कि यदि हमारी नहीं सुनी गई तो मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री से मिलकर न्याय की गुहार लगाऊंगा।

# शंकरगढ़ प्रतापपुर मार्ग पर बनी पुरानी पुलियों में टिपकारी कर किया जा रहा नया

### पीडब्ल्यूडी विभाग के आँख में धूल झोंक रहे ठीकेदार, कार्यवाही की मांग

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** क्षेत्र के शिवराजपुर से प्रतापपुर मार्ग पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनवाई जा रही पुलियो के निर्माण में मानक को ताक पर रखकर कार्य कराए जाने से भविष्य में पुलिया के ध्वस्त होने का खतरा बना रहेगा। ग्रामीणों ने पुलिया निर्माण में की जा रही गड़बड़ी की जांच करवाकर कार्यवाही किये जाने की मांग मुख्यमंत्री से की। क्षेत्र का शिवराजपुर से प्रतापपुर मार्ग जो लगभग 14 किलोमीटर है। उस पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा विगत दिनों जगह जगह बनी पुरानी पुलियों को ध्वस्त करवाकर नई पुलिया बनवाये जाने का टेंडर करवाया गया था। कार्यदायी संस्था द्वारा नई पुलिया का निर्माण न करवाकर पुरानी पुलिया में ही प्लास्टर व रंग रोगन करवाकर सरकारी धन हजम किया जा रहा है। शंकरगढ़ प्रतापपुर मार्ग पर यमुना बालू, क्रेशर गिट्टी व सिल्का सैंड की ओवरलोड गाड़ियो का आवागमन सदैव बना रहता है। भारी वाहनों के चलने से पुलिया निर्माण में की जा रही व्यापक अनियमितता के चलते पुलिया किसी भी समय ध्वस्त हो सकती



है। जिससे बड़ी दुर्घटना भी घट सकती है। पुलिया के निर्माण में सरिया, सीमेंट, बालू, छर्री का प्रयोग न करके पत्थर से ही पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे भविष्य में पुलिया के टूटने का भय बना रहेगा। पीडब्ल्यूडी विभाग के अवर अभियंता से पुलिया निर्माण में की जा रही अनियमितता के संबंध में बात होने पर उन्होंने जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर कार्यवाही किये जाने की बात कही। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री से पुलियों के निर्माण में की जा रही गड़बड़ी की उच्च स्तरीय जांच करवाकर कार्यदायी संस्था के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की।

## शंकरगढ़ के नारीबारी झंझरा में नवविवाहिता की पिटाई पर पति , जेठ व जेठानी पर मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** थाना क्षेत्र के नारीबारी के झंझरा खुजवा में नवविवाहिता को ससुराल में बुरी तरह मारे पीटे जाने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किया। मध्य प्रदेश के जिला मऊगंज, ग्राम पिपरी, पोस्ट देवतालाब निवासी अरुण तिवारी की बेटी दिव्या तिवारी का विवाह 25 नवंबर 2022 को नारीबारी के खुझवा वैद्य गांव में दिलीप दुबे के साथ हुआ था। पीड़िता दिव्या तिवारी ने थाने में सूचना देकर आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही पति, जेठ व जेठानी दहेज को लेकर अक्सर मारा पीटा व प्रताड़ित करते थे। जेठ द्वारा कई बार अभद्रता भी की गई। एक बार जबरन लज्जा भंग करने की कोशिश भी की गई।पिछले 25 मई को जेठानी ने लाठी डंडे से बुरी तरह मारा पीटा। एक सप्ताह तक बंधक बनाकर रखा था और भीषण गर्मी में खाना पानी भी नही देते थे। उसके बाद पति दिलीप दुबे पुत्र गणेश दुबे 26 मई को जब मुंबई से आए तो उन्होंने भी बुरी तरह मारा पीटा और घर में बंधक बनाकर रखा। गर्भ से होने के कारण हालत बिगड़ती गई। ससुराल के लोग जान से मारने की धमकी भी देते हैं। किसी तरह जान बचाकर पिता जी को घटना के बारे में बताया। तब पिता जी आए और उनके साथ 28 मई को नारीबारी चौकी गई । जहां कोई कार्यवाही न करके उल्टा ससुराल वालों से समझौता करने का दबाव बनाने लगे। जिससे डरी सहमी पीड़िता अपने पिता के साथ वापस अपने गांव मध्य प्रदेश चली गई। घटना की सूचना पुनः शंकरगढ़ थाने में शुक्रवार को दिए जाने पर थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश ने पीड़ित महिला का मेडिकल करवा कर आरोपी पति दिलीप दुबे, जेठ संजय दुबे और जेठानी देवकली पति संजय के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज, छेड़ छाड़, जान माल की धमकी, प्रताड़ना व दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार संविदा कर्मी घायल

**सहसों।** प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग मार्ग स्थित थरवई थाना अंतर्गत भोपतपुर गांव के सामने शुक्रवार की रात इफको फूलपुर से काम कर बाइक सवार को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इफको संविदा कर्मी आनंद पांडे निवासी देवनगर, झूंसी कंपनी का काम निपटाकर बाइक सवार होकर वापस घर जा रहे थे जैसे ही वह भोपतपुर गांव के सामने पहुंचे ही थे कि तेज गति से आ रही ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रक एवं बाइक टक्कर की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे ढाबा संचालक शनि सिंह, प्रमोद त्रिपाठी आजाद, पवन यादव, राजू गुप्ता ने परिजनों को जानकारी देते हुए तत्काल अपनी चार पहिया वाहन से घायल अवस्था में उनको झूंसी स्थित एक निजी चिकित्सालय में उपचार हेतु भर्ती कराया। ट्रक चालक मौका देखकर ट्रक लेकर घटनास्थल से फरार हो गया।

# बारा विधायक ने कार्य पूरा न करने पर अधिकारियों को लगाई फटकार

### अत्यधिक गर्मी को देखते हुए जैक्शन कंपनी जल्दी ही काम को पूरा करें : डॉ वाचस्पति

अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** शनिवार को क्षेत्रीय समास्याओं को लेकर चिंतित विधायक बारा डॉ वाचस्पति ने अपने आवास पर विद्युत विभाग के अधिकारियों के बुलाया और काम में लापरवाही बरतने पर जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि अगर समय से काम को पूरा नही किया गया, तो इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से करूंगा। इस समय अत्यधिक गर्मी की वजह से लोगों को काफी मुश्किलों का समाना करना पड़ रहा है। इसको लेकर लोगों द्वारा मुझे लगातार फोन किया जाता है। इन सब को लेकर विधायक बारा काफी



चिंतित दिखे और तत्काल ही जैक्शन कंपनी के अधिकारियों को बुलाकर समय से पहले काम को पूरा करने के लिए कहा। विधायक प्रतिनिधी विजय कुमार निषाद उर्फ श्यामू निषाद ने बताया की विधायक जी ने अवर अभियंता लालापुर को तत्काल एक आउट गोइंग 11 केवी बीसीबी पैनल लगाने के लिए कहा।

## न्यूज झरोखा

### गौहनिया चौकी के सामने चौराहा पर अप्पे ई रिक्शा से जाम की स्थिति से आवागमन बाधित

**प्रयागराज।** यमुना पार इलाके के प्रयागराज से 18 किलोमीटर स्थित गौहनिया चौकी व चौराहा है इस चौराहे से रीवा रोड बांदा मिजार्पुर रोड से भारी वाहनों का आवागम रहता है उक्त चौराहे पर दर्जनों अप्पे व ई रिक्शा सड़क पर ही खड़ी कर जारी व करछना व बारा तहसील मुख्यालय के लिए सवारी का इंतजार करते हैं जिससे भारी वाहन चौराहे पर आकर रुक जाते है जिससे चौराहे के 300 मी तक सड़क पर वाहनों की कतार लग जाती है । चौराहे पर सब्जी और फल विक्रेता सब्जी ठेला भी पटरी तक झोपड़पट्टी बनाकर आवा गमन बाधित करते हैं ठीक चौराहे पर गौहनिया पुलिस चौकी है लेकिन खड़ी सवारी वाहनों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है उक्त जाम से क्षेत्र की जनता परेशान हो चुकी है। चौकी प्रभारी प्रेम शंकर से बात करने पर बताया कि जाम की स्थिति में जाम हटाया जाता है वाहनों पर भी कार्रवाई की जाएगी।



### प्रभारी निरीक्षक ने टीम के साथ शांति व्यवस्था के मद्देनजर किया पैदल गस्त

**थरवई।** शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर शनिवार को थाना थरवई प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार गौतम अपनी टीम द्वारा किये पैदल गस्त। गस्त के दौरान संदिग्ध व संदिग्धों पर भी विशेष नजर रही जिसमें प्रमुख चौराहों सार्वजानिक स्थानों भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर विशेष ध्यान रहा। उसी क्रम में पड़िला मंदिर परिसर व प्रमुख चौराहों, बाजारों पर पैदल गस्त किया गया। जिससे शांति व्यवस्था कायम रहे किसी जिससे किसी भी प्रकार की अशांति व्यवस्था न हो । मौके पर प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार गौतम, निरीक्षक सतीश कुमार, उपनिरीक्षक रावेन्द्र श्रीवास्तव, विजय कुमार, अमित कुमार व महिला एस आई आदि पुलिस टीमें मौजूद रहीं।



### कटका रेलवे क्रॉसिंग के पास मिला वृद्ध का शव

**झूंसी।** कटका रेलवे क्रॉसिंग के पास शनिवार की सुबह एक अज्ञात वृद्ध का शव पाया गया। सूचना पर पहुंचे नई झूंसी चौकी इंचार्ज राम बालक सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस ने वृद्ध की पहचान कराने की कोशिश की पर मौके पर जुटे लोग वृद्ध के बारे में नही बता पाए। देखने से घुमत्तू लग रहा है। वृद्ध के शरीर पर नीला पेंट, सफेद शर्ट था शरीर पर कही भी चोट का निशान नहीं था। लू से वृद्ध के मौत की चर्चा रही। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का कारण स्पस्ट हो पायेगा।

### नागेश भारतीय बॉडी बिल्डिंग टीम में

**प्रयागराज।** नागेश केसरवानी को साउथ एशियन बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। मालदीव में यह चैंपियनशिप छह से आठ जून तक डोगी। नई बस्ती कीडगंज निवासी माया देवी और वेद प्रकाश के पुत्र नागेश ने बॉडी बिल्डिंग की शुरूआत 2017 में की। पिछले साल राजस्थान में उन्होंने मिस्टर नॉर्थ इंडिया चैंपियनशिप अपने नाम की थी।

### समर कैंप के समापन परयोग की प्रस्तुति

**प्रयागराज।** महर्षि अरविंद विद्या निकेतन अल्लापुर में दस दिवसीय समर कैंप का समापन शुक्रवार को हुआ। बच्चों ने प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों, आर्ट- क्राफ्ट और योग की आकर्षक प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्य डॉ. संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चे प्रतिभा की खान होते हैं। यह हमारा दायित्व है कि उन्हें उनकी क्षमता के अनुकूल तराशे। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

# अपना हिस्सा मांगने पर विधवा युवती के साथ मारपीट, तहरीर

**सोरांव।** क्षेत्र के वादी का पूरा(बीरापुर) निवासिनी अरुणा देवी की शादी छः साल पहले फाफामऊ थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध का पूरा निवासी ओम प्रकाश के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ संपन्न हुई थी। जिसके एक पांच वर्षीय पुत्र अभि भी है। कुछ साल पहले अरुणा देवी के पति की बीमारी के कारण मृत्यु हो गई। इस हादसे से पत्नी सहित पूरा परिवार दुःखी हो गया । पति की मृत्यु के बाद विधवा अरुणा देवी के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। एक सप्ताह पहले अरुणा देवी ने फाफामऊ थाने पर शिकायती पत्र देकर आरोप लगाई की संपत्ति में अपना हिस्सा मांगने पर उसकी सास रामा देवी, जेठ चंचल तथा नहरपुर निवासिनी विवाहिता ननद नीलम ने घर से भगा देने के लिए पूर्व



योजना के तहत उसको गाली गुप्ता देने लगी। जब युवती गाली का विरोध किया तो आरोप है कि उसके साथ रात में मारपीट भी किए। जिससे उसके दूध मुहे पुत्र अभि संग महिला को गंभीर चोटे आई। शोर गुल सुन करके आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दिए। तथा कहा कि जब मेरे परिवार का सदस्य ही नहीं रहा तो तुमको संपत्ति में किसी भी प्रकार का कोई हक और अधिकार नहीं है। जिसको लेकर पीड़िता ने एक सप्ताह पहले फाफामऊ थाने पर शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा लिखवाने की मांग किया है। वही पैतृक संपत्ति में अपने वैधानिक अंश की बिक्री न होने पाए इसके लिए कार्यालय उप निबंधक सोरांव में आपत्ति भी दाखिल किया है।

### कार्यशाला में बच्चों ने बनाया अनंत पथ का मॉडल

**प्रयागराज।** स्वराज विद्यापीठ की ओर से आओ विज्ञान कर-के सीखें कार्यशाला के तीसरे दिन शुक्रवार को बच्चों ने पेरिस्कोप, अनंत पथ का मॉडल बनाकर प्रकाश और उसके सिद्धांतों को समझा। इसके साथ ही पाचन तन्त्र का पोस्टर बनाकर उसकी कार्यप्रणाली पर चर्चा की। कार्यशाला के निदेशक सुरेन्द्र कुमार ने प्रकाश की दैनिक जीवन में उपयोगिता से बच्चों को रूबरू कराया।

### प्रो. अनामिका राय बनीं विभागाध्यक्ष

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्व विद्यालय के प्राचीन इतिहास विभाग की नयी विभाग अध्यक्ष प्रो. अनामिका राय को नियुक्त किया गया है। इस बाबत कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव के निर्देश पर रजिस्ट्रार प्रो. एनके शुक्ल ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

## मऊआइमा में सीएचसी के समीप चार अस्पतालों को सीज के बावजूद झोलाछाप कर रहे हैं आपरेशन

### 27 अप्रैल को सीज के बाद मचा था हड़कंप झोलाछाप झोला लेकर भाग गए थे

**मऊआइमा।** एसडीएम सोरांव के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मऊआइमा क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालों का निरीक्षण किया। इस दौरान चार अस्पतालों को सील किया गया था। इस दरम्यान अस्पतालों के संचालक अपना नर्सिंग होम हॉस्पिटल बंद करके फरार हो गए थे। बताया गया है कि 27अप्रैल को उप जिलाधिकारी सोरांव डॉक्टर गणेश कुमार कनौजिया, अपर जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार तिवारी के संग मऊआइमा ब्लॉक के विभिन्न अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों का 27अप्रैल को निरीक्षण किया था सीएचसी के बगल पूजा अल्ट्रासाउंड सेंटर बगैर फिजिशियन के टेक्नीशियन द्वारा संचालित किया जा रहा था। जबकि पूजा अस्पताल में चार ऑपरेशन के मरीज एडमिट थे और कोई डॉक्टर उपलब्ध नहीं थे। ऐसे में दोनों को सील करते हुए अस्पताल का पंजीकरण निलंबित कर दिया गया था। इसके अलावा कोहली स्कैनिंग सेंटर और राज अस्पताल में भी कोई चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ नहीं थे। जबकि अस्पताल में चार मरीज एडमिट थे। इस कारण दोनों को सील करते हुए अस्पताल का लाइसेंस निलंबित किया गया था । आरोप है कि कुछ दिन बंद रहने के बाद पूजा और राज कथित अस्पताल गुप चुप ढंग से झोलाछाप डाक्टर मरीजों का आप्रेशन कर रहे हैं। खुलेआम मरीजों का आर्थिक सोशण किया जा रहा है। बताया गया है कि विगत दिनों सीज अस्पताल में आप्रेशन के दौरान ग्राम गदियानी के एक मरीज की मौत हो गई थी। हंगामा न हो इसके लिए एक लाख रूपया मृतक के परिजनों को देकर चुप करा दिया गया। आरोप है कि एक झोलाछाप डॉक्टर नक्ली सर्जन बनकर घूम घूम कर निजी अस्पतालों में आप्रेशन कर रहा है।

# अस्पतालों में बनाया गया कोल्ड रूम

## भीषण गर्मी को देखते हुए सभी डॉक्टरों की छुट्टी निरस्त

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** भीषण गर्मी और नौतपा का कहर जारी है। हीट स्ट्रोक वाले मरीजों के बेहतर इलाज पर फोकस किया जा रहा है। (मुख्य चिकित्सा अधिकारी) डॉ. आशु पांडेय की ओर से सभी अस्पताल के अधीक्षकों को अलर्ट मोड में रहने को कहा गया है। शासन के निर्देश पर जनपद के सभी सरकारी अस्पतालों में एक कोल्ड रूम बनाया गया है ताकि जो गर्मी व लू की चपेट वाले मरीज आएं उन्हें तत्काल उसमें रखा जाए और इलाज शुरू किया जाए।सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व जनपद के सरकारी अस्पतालों में में तैनात डॉक्टरों को कोई अवकाश नहीं दिया जा रहा है। सीएमओ डॉ. आशु पांडेय ने बताया कि आमजन की सहूलियत को देखते हुए ऑफिस में कंट्रोल रूम बनाया गया है। यहां कॉल करके लू या गर्मी से पीड़ित मरीजों के इलाज संबंधित जानकारी ली जा सकती है। हेल्पलाइन नंबर 0532-2644644 है।

### प्रयागराज में 160 लोग हीट स्ट्रोक की चपेट में

सीएमओ डॉ. पांडेय ने बताया कि जनपद में 31 मई तक 160 लोग हीट स्ट्रोक की चपेट में आए हैं। अभी तक ऐसी पुष्टि नहीं हुई है कि कोई गर्मी और हीट स्ट्रोक की चपेट में आने से मौत हुई है। उन्होंने बताया कि 108 एंबुलेंस सक्रिय हैं। उन्होंने आह्वान किया है कि यदि किसी को भी धूप में गिरते हुए या अचेत होते देखते हैं तो इसके लिए 108 पर कॉल कर एंबुलेंस को सूचित कर सकते हैं। ताकि उसे समय रहते नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जा सके और उसकी जान बचाई जा सकी। सभी एंबुलेंस में ओआरएस, दवाएं आदि रखी गई हैं ताकि गर्मी की चपेट में आने वाले मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने के पहले ही उसे प्राथमिक राहत दिए जा सके।

# खुसरोबाग से जलापूर्ति सुधारने में जुटा जलकल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** खुसरोबाग से एक तिहाई शहर की जलापूर्ति सुधारने की कोशिश शुरू हो गई है। यमुना से जरूरत का पानी खुसरोबाग लाने के लिए दो और पंप लगाए जा रहे हैं। करेलाबाग स्थित यमुना के इनटेक वेल एक में दो बड़े पंप लगाने की कोशिश हो रही है। उम्मीद है कि दो पंप चालू होने पर एक तिहाई शहर को पानी मिलने लगेगा।यमुना का जलस्तर घटने के बाद लगातार तीसरे दिन एक तिहाई शहर की जलापूर्ति प्रभावित होने के बाद जलकल प्रबंधन ने अतिरिक्त पंप लगाने की कोशिश शुरू की। यमुना से जरूरत का पानी नहीं मिलने पर जलकल ने शुक्रवार को खुसरोबाग से तीसरे दिन भी जलापूर्ति सुबह-शाम एक घंटा घटाई।

### संकट देख खनन विभाग ने लिया संज्ञान

महाप्रबंधक कुमार गौरव ने बताया कि अचानक गहराए पानी संकट पर अब खनन विभाग भी गंभीर हुआ है। खनन विभाग की टीम गुरुवार दोपहर और शाम को खुसरोबाग आई और सप्लाई का डाटा लिया। महाप्रबंधक के अनुसार खनन विभाग की टीम ने यमुना में जलकल के इनटेक वेल के आसपास खनन पर निगरानी बढ़ाने का आश्वासन दिया है। जलकल के एक इंजीनियर ने बताया कि महेवा की तरफ खनन होने से यमुना का प्रवाह करेलाबाग से खिसका है। इसकी जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को भी दी गई है। इंजीनियर के मुताबिक 2009 में महेवा में बालू के अधिक खनन से करेलाबाग की ओर यमुना का प्रवाह कम हुआ और खुसरोबाग से जलापूर्ति घटानी पड़ी थी।



## हाईकोर्ट समाचार

# 1075 करोड़ के घोटाले में तीनों एजेंसियों को फटकार

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने घोटाले पर नाराजगी जताई, कहा- ईडी पर भरोसा नहीं

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 1075 करोड़ से अधिक के शाइन सिटी कंपनी सहित 60 से अधिक कंपनियों के फ्राड मामले में दर्ज 284 एफआईआर की विवेचना कर रही तीनों जांच एजेंसियों को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि डेढ़ साल तक कुछ भी नहीं किया गया।निवेशकों के फंसे धन की बरामदगी क्यों नहीं की गई। अभियुक्तों पर चार्जशीट से हल नहीं निकलने वाला। मुख्य आरोपी एजेंसियों की पकड़ से दूर हैं। बैंकों के जरिए 147 खातो में लेन-देन के बावजूद उनकी जांच नहीं की गई।

**एसएफआईओ खानापूरी कर रही है :**

कोर्ट ने कहा ईडी पर उन्हें भरोसा नहीं रहा और ईडी डायरेक्टर से हलफनामा मांगा है कि विवेचना अप टू मार्क क्यों नहीं है। बैंकों के जरिए ट्रांजैक्शन हो रहे हैं और ई डी आंख मूंदे बैठी है।खाता धारक अपराधी पकड़े नहीं जा रहे। याचिका की अगली सुनवाई 1 जुलाई को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ तथा न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने श्रीराम राम की याचिका पर दिया है।

**कंपनी बनाकर करोड़ों का घोटाला किया :**

मालूम हो कि अभियुक्तों ने अवैध रूप से एक वेब कंपनी बनाई और कई स्कीमें लांच की। निवेशकों के साथ धोखा होने पर एफआईआर दर्ज की गई और विवेचना लचर रही। हाईकोर्ट के हस्तक्षेप पर कुछ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।मुख्य अभियुक्त राशिद नसीम नेपाल में गिरफ्तारी के बाद छूटते ही दुबई भाग गया और वहीं से अपराध का संचालन कर रहा है। रेड कार्नर नोटिस के बाद भी पकड़ कर लाया नहीं जा सका।कोर्ट ने सीरियस फ्राड इंवेस्टीगेशन आफिस (एस एफ आई ओ) व ई डी को विवेचना सौंपी। प्रदेश की आर्थिक अपराध विंग भी विवेचना में जुटी है। सारे फ्राड 2018 से 2021तक हुए हैं। नवंबर 22 मे एस एफ आई ओ ने तीन माह व ई डी ने 40 दिन का समय मांगा। किंतु ठोस नतीजा नहीं आया।मुख्य अभियुक्त दुबई में बैठा राशिद नसीम राहत फाउंडेशन व भाव्या ब्राडकास्टिंग कंपनी का ट्रस्टी है।इन कंपनियों की कोई जांच नहीं की गई। आर्थिक अपराध विंग ने नसीम की पत्नियों को नोटिस जारी कर शांत हो गई।कोर्ट ने 21 दिसंबर 22 को इस बात पर नाराजगी जताई थी कि अधिकारियों को अपराध का पता होने के बावजूद नसीम को दुबई में पासपोर्ट जारी कर दिया गया। जनवरी 23 मे पता चला कि जिस नसीम का एजेंसियां पता नहीं लगा पा रही,उससे कोर्ट में मौजूद एक महिला मिलकर वापस आ गई है। कोर्ट ने इसे दुखद स्थिति बताया। अधिवक्ता एस एन श्रीवास्तव ने कहा कि अभियुक्त अमिताभ श्रीवास्तव वाराणसी जेल में बंद था।बी वारंट पर लखनऊ लाया गया और इस दौरान मोहनलाल गंज में रजिस्ट्रार आफिस में जाकर 30 हजार वर्गमीटर जमीन पूर्व मंत्री को बैनामा किया। पुलिस की मिलीभगत के बिना ऐसा संभव नहीं था।ऋषभ राज निवेशक के अधिवक्ता ने दुबई का अखबार खलीज टाइम्स पेश कर बताया कि मुख्य अभियुक्त समारोहों में जा रहा है। इस पर कोर्ट नाराज हुई और अधिकारियों को तलब किया था।

# ट्रेलर चलाते हुए चालक बेहोश, अस्पताल में हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शिवकुटी में स्टेनली रोड पर शुक्रवार की सुबह एक ट्रेलर का चालक अचानक से अचेत हो गया। चालक के बेहोश होने के बाद ट्रेलर अनियंत्रित होकर डिवाइडर को तोड़ते हुए दूसरी पटरी पर आकर रुका। इससे के चलते सड़क पर आवागमन बाधित हो गया। सूचना पर पुलिस पहुंची। शिवकुटी पुलिस पचास वर्षीय चालक को एसआरएन अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि वह गंगा नदी में बन रहे पुल के लिए सामान लोड कर लखनऊ से आ रहा था। स्टेनली रोड वीर अब्दुल हमीद गेट के पास पहुंचने पर उसकी तबीयत बिगड़ी और अचेत हो गया। इसके चलते ट्रेलर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराया। थाना प्रभारी शिवकुटी ने बताया कि मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### गर्मी से बचाव को कर्मचारियों में बांटा गमछा

**प्रयागराज।** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए डायोसिस ऑफ लखनऊ (सीएनआई) के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को बिशप मोरिस एडगर दान की ओर से गमछा वितरित किया गया। साथ ही बिशप मोरिस एडगर दान ने कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं। यह जानकारी कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने दी। इस अवसर पर कार्यवाहक जिलाध्यक्ष आकाश त्रिपाठी, आशीष कुमार, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### सड़क पर गिरा बिजली का तार, कई मोहल्ले की बिजली हुई प्रभावित

**प्रयागराज।** करेली थाने के पास ट्रक ने एलटी लाइन के केबल को खंभे समेत धराशायी कर दिया। इसकी वजह से करेली 60 फीट रोड और नया पुरवा आदि मोहल्लों की बिजली तीन घंटे तक बंद रही। स्थानीय लोगों का कहना था कि शनिवार की शाम करीब 5.30 बजे करेली थाने के पास से गुजर रहे ट्रक का ऊपरी हिस्से में बिजली के तार उलझ गए। इससे पुराना और जर्जर पोल जमीन पर गिर पड़ा। गनीमत थी कि कोई हादसा नहीं हुआ। इस दौरान इस रास्ते से यातायात प्रभावित हुआ रात करीब 8.30 बजे आपूर्ति बहाल हुई। एसडीओ चंद्रशेर आजाद ने बताया कि एजेंसी को पोल बदलने के लिए कई बार कहा गया। लेकिन इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। इधर, कसारी-मसारी उपकेंद्र के आनंदपुरम मोहल्ले में ट्रांसफॉर्मर में खराबी आ जाने की वजह से सुबह 11 बजे के बाद करीब तीन घंटे तक बिजली सप्लाई बंद रही। इसस पहल शुक्रवार की रात गौसनगर, अटाला, शिवकुटी मेला रोड, ट्रांसपोर्ट नगर, नीम सराय, सदियाबाद, गढ़ी सराय, जीटीबी नगर, दरियाबाद, लीडर रोड, लूकरगंज, खुल्दाबाद, जीरो रोड, हिम्मतगंज, काला डांडा आदि मोहल्लों में ट्रिपिंग की समस्या बनी रही। शनिवार को मौसम के रूख में बदलाव आने के बाद बिजली कटौती पर नियंत्रण पाया जा सका।

# क्यूआर कोड स्कैन करके आरक्षित टिकट का भी कर सकेंगे भुगतान

**अखंड भारत संदेश**

### फुटकर की समस्या से भी मिलेगी निजात

आरक्षण काउंटर पर लंबी कतार लगना आम बात है। कई बार यात्री के पास फुटकर पैसे नहीं होते। इससे काफी समस्या भी आती है। क्यूआर कोड स्कैन करने का विकल्प देने से फुटकर का झंझट भी खत्म हो जाएगा। यूपीआई के जरिये डिजिटल पेमेंट से लोगों को सहूलियत मिलेगी।

**प्रयागराज।** आरक्षण केंद्रों पर भी क्यूआर कोड स्कैन करके रिजर्वेशन टिकट का भुगतान किया जा सकेगा। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। यह सुविधा पहले प्रयागराज, कानपुर, अलीगढ़, आगरा, फतेहपुर, झांसी, मिजार्पुर, इटावा आदि स्टेशनों के आरक्षण काउंटर पर मिलेगी। डिजिटल इंडिया विजन को बढ़ावा देने के लिए रेलवे कैशलेस भुगतान पर जोर दे रहा है। बीते कुछ माह से उत्तर मध्य रेलवे ने अपने सभी प्रमुख स्टेशनों पर जनरल टिकट खरीदने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए टिकट काउंटर पर क्यूआर कोड लगाया है। इसकी मदद से यात्री टिकट का भुगतान क्यआर कोड स्कैन करके कर भी रहे हैं। हालांकि, यह सुविधा अभी रिजर्वेशन टिकट खरीदने वाले काउंटर पर नहीं है। लेकिन,अब यह सुविधा रिजर्वेशन काउंटर पर भी दी जाएगी।उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज समेत देशभर के सभी 68 रेल मंडलों के स्टेशनों के आरक्षण काउंटर पर यात्रियों को क्यूआर कोड से भुगतान की सुविधा वैकल्पिक तौर पर दी जाएगी। प्रयागराज मंडल में इसकी तैयारी शुरू हो गई है। वर्तमान समय रेलवे के आरक्षण काउंटर पर कैश और कार्ड से भुगतान की सुविधा है। अब एनसीआर के प्रयागराज, झांसी एवं आगरा मंडल अपने रिजर्वेशन काउंटरों पर इस सुविधा देगा।पहले चरण में एनसीआर के बड़े स्टेशनों के आरक्षण काउंटर में दी जाएगी। इन स्टेशनों में प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल , आगरा कैंट, मथुरा जंक्शन, अलीगढ़ जंक्शन, इटावा, झांसी, ग्वालियर, मिजार्पुर आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं।

# महाकुंभ में दिखेगी तीर्थराज प्रयाग की आभा

## प्रयागराज में पर्यटन विभाग की ओर से टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन, अफसरों ने बताया कैसे बदलेगी शहर की तस्वीर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** संगमनगरी प्रयागराज में 2025 में आयोजित होने वाले महाकुंभ को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही हैं। आज शनिवार को उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से सिविल लाइंस स्थित एक होटल में महाकुंभ-2025 संबंधित टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। इसमें अफसरों ने बताया कि प्रयागराज आने वाले महाकुंभ तक किस तरह से सुंदर होगा। यहां अफसरों ने उपस्थित लोगों से सुझाव भी मांगे ताकि महाकुंभ की भव्यता और बढ़ सके। लोगों ने अलग अलग तरह के सुझाव भी दिए। प्रयागराज के कमिश्नर विजय विश्वास पंत, महाकुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद, विशेष सचिव (पर्यटन) ईशा प्रिया और अरुणा शेट्टी ने विस्तार समझाया।





### पर्यटकों को प्रयागराज रूकने के लिए करें प्रेरित

कमिश्नर विजय विश्वास पंत ने कहा कि महाकुंभ विश्व का बड़ा सांस्कृतिक आयोजन है और प्रयागराज विश्व का बड़ा मेजबानी करने वाला तीर्थ स्थल है। पर्यटन विभाग द्वारा विभिन्न धार्मिक व आध्यात्मिक स्थलों का विकास किया जा रहा है। जिले में ऐसे अनेक सुंदर स्थल हैं जिसके बारे में अधिकांश लोगों को जानकारी नहीं होती है। इनका प्रचार प्रसार कर और अधिक संख्या में पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है। हमें यह प्रयास करना चाहिए कि जो पर्यटक आएं वह दो से तीन दिन ठहरें और अधिक से अधिक स्थलों का भ्रमण करें। विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया ने महाकुंभ की तैयारियों के साथ ही प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि उत्तर प्रदेश में धाार्मिक, आध्यात्मिक के साथ ही हेरिटेज, रूरल एग्री, मेडिकल टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म असीमित संभावनाएं हैं जिन्हें धरातल पर उतारने के लिए काम किया जा रहा है।

### हर समय प्रयागराज आते रहें श्रद्धालु

कुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने कहा कि प्रयागराज में कुंभ या महाकुंभ ही नहीं बल्कि हर समय बड़ी संख्या में पर्यटक आएं इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने महाकुंभ की तैयारियों का खाका पेश किया। कहा कि प्रयागराज को अयोध्या और काशी के टूर पैकेज के साथ जोड़ा जाना चाहिए। प्रयागराज को तीर्थराज कहा जाता है। यहां महत्वपूर्ण सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, धार्मिक व आध्यात्मिक स्थल है। पर्यटन विभाग की ओर से इन स्थलों का विकास किया जा रहा है। साथ ही पर्यटक सुविधाएं भी विकसित की जा रही है। रेल, रोड और एयर कनेक्टिविटी अच्छी है।

### टूरिस्ट विलेज के तौर पर तैयार हो रहा श्रृंगवेरपुर

हम श्रृंगवेरपुर को टूरिस्ट विलेज के तौर पर तैयार कर रहे हैं। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने पर्यटन विभाग की ओर से प्रयागराज में कराए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। कहा कि हम प्रयागराज में पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। पर्यटकों को प्रयागराज रूकने के लिए करें प्रेरित कमिश्नर विजय विश्वास पंत ने कहा कि महाकुंभ विश्व का बड़ा सांस्कृतिक आयोजन है और प्रयागराज विश्व का बड़ा मेजबानी करने वाला तीर्थ स्थल है। पर्यटन विभाग द्वारा विभिन्न धार्मिक व आध्यात्मिक स्थलों का विकास किया जा रहा है। जिले में ऐसे अनेक सुंदर स्थल हैं जिसके बारे में अधिकांश लोगों को जानकारी नहीं होती है। इनका प्रचार प्रसार कर और अधिक संख्या में पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है। हमें यह प्रयास करना चाहिए कि जो पर्यटक आएं वह दो से तीन दिन ठहरें और अधिक से अधिक स्थलों का भ्रमण करें। विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया ने महाकुंभ की तैयारियों के साथ ही प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि उत्तर प्रदेश में धाार्मिक, आध्यात्मिक के साथ ही हेरिटेज, रूरल एग्री, मेडिकल टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म असीमित संभावनाएं हैं ।

## न्यूज झरोखा

### पाइप फटने से कई मोहल्लों में नहीं मिला पानी

**प्रयागराज।** डंडिया-अल्लापुर मार्ग पर मुख्य पाइप लाइन फटने से क्षेत्र के बड़े इलाके में पानी का संकट हो गया। पाइप फटने से डंडिया अल्लापुर, शिवपुरी मार्ग अल्लापुर, माली चौराहा, न्यू सोहबतियाबाग-शिवपुरी मार्ग के सैकड़ों घरों को शुक्रवार सुबह से शाम तक पानी नहीं मिला। पार्षद शिवसेवक सिंह ने बताया कि शिकायत पर जलकल की टीम पाइप की मरम्मत करने आई, लेकिन रात तक दुरुस्त नहीं कर पाई। इसकी वजह से क्षेत्र में शनिवार सुबह भी पानी का संकट बना रहेगा।

### आंगनबाड़ी में पढ़ाई 15 जुलाई तक बंद

**प्रयागराज।** जिले में प्रचंड गर्मी उल्लू को देखते हुए प्रशासन ने आंगनवाड़ी में तीन से छह वर्ष तक के बच्चों की पढ़ाई 15 जुलाई तक रोक दी है। साथ ही प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के खुलने तक जो भी पहले हो के लिए कुछ प्रतिबंधों के साथ अवकाश घोषित किया है। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल के अनुसार आंगनबाड़ी में तैनात कार्यकत्रियों एवं सहायिका विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों तथा पल्स पोलियो टीकाकरण आदि कार्यक्रमों में पूर्व की भांति ड्यूटी करेंगी। अवकाश अवधि में आंगनबाड़ी कार्यकत्री केंद्रों पर आपूर्ति की जाने वाले पोषाहार को प्राप्त करेंगी और लाभार्थियों में वितरित करेंगी।

### भगवान जगन्नाथ को शीतल पेय का भोग

**प्रयागराज।** गर्मी को देखते हुए श्रीजगन्नाथ जी महोत्सव समिति ट्रस्ट की ओर से शुक्रवार को प्रयागेश्वर नाथ मंदिर जगन्नाथ धाम काशी राजनगर कटघर में. शीतल जल जीरा, लस्सी, मट्ठा, मैंगो सेक, गन्ना व बेल रस का भोग लगाया गया। ट्रस्ट के रथ यात्रा संयोजक बसंत लाल आजाद व मंत्री गगन दास गुप्ता ने भगवान को शीतल पेय पदार्थों का भोग लगाया। राजेश केसरवानी, अमर रस्तोगी, दाऊ दयाल गुप्ता, जय राम गुप्ता, कन्हैया लाल आदि मौजूद रहे।

### 17 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का केस

**प्रयागराज।** करेली में रात के समय बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को 17 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया। उपखंड अधिकारी चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि गुरुवार की रात इन सभी लोगों के यहां कटिया लगाकर बिजली चोरी की जा रही थी।

### बकाया बिल पर कनेक्शन काटा, बाद में जोड़ा

**प्रयागराज।** पत्थर गिरजाघर के निकट बिशप हाउस व कार्यालय का एक लाख 11 हजार बिजली का बिल बकाया होने की स्थिति में शुक्रवार को दिन में कनेक्शन काट दियां गया। जिसकी वजह से कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारियों की परेशानी बढ़ गई। एसडीओ जीवेश नंदन ने बताया की गर्मी से परेशान अधिकारियों ने मुख्य अभियंता पीके सिंह के यहां बकाया बिल का 25% जमा करने के लिए दो दिन की मोहलत मांगी तब कनेक्शन जोड़ा गया।

### पीएसी के जवानों ने श्रद्धालु को डूबने से बचाया

**प्रयागराज।** फाफामऊ घाट पर स्नान करने के दौरान शुक्रवार को एक श्रद्धालु डूबने लगा। पीएसी के जवानों ने उसे डूबने से पहले बचा लिया। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार दोपहर 12.30 बजे फाफामऊ घाट पर फाफामऊ निवासी घनश्याम कुमार अकेले ही नहाने पहुंचा था। नहाने के दौरान ही वह गंगा की तेज बहाव में आ गया और डूबने लगा। उसी चीख सुनकर वहां मौजूद पीएसी के सिपाही मुकेश कुमार, आनन्द गुप्ता और अभय राज ने गंगा में छलांग लगा दी। रेस्क्यू करके डूबने से पहले घनश्याम कुमार को बचा लिया।

### एमएनएनआईटी में तीन जून को जुटेंगे विशेषज्ञ

**प्रयागराज।** एमएनएनआईटी के बायोटेक्नोलॉजी विभाग में तीन जून से कार्यशाला आयोजित की जाएगी। पर्यावरण प्रबंधन के लिए जैव प्रौद्योगिकी: सर्कुलर इकोनॉमी और बायोरेमेडिएशन के लिए सतत जैव-रिफाइनरी विषय पर एक सप्ताह की राष्ट्रीय कार्यशाला में आईईसीटी हैदराबाद के डॉ. एस वेंकट मोहन, टाइफैक के प्रो. प्रदीप श्रीवास्तव, नीरी नागपुर के डॉ. सुनील कुमार और बीएचयू के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

# 6 वीं की छात्रा ने 17 मिनट में किया यमुना पार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** क्लास 6 में पढ़ने वाली शान्वी सोनकर ने कमाल कर दिया। मुंडेरा की रहने वाली महज 12 साल की शान्वी नें यमुना नदी को मात्र 17 मिनट में तैरकर पार कर लिया। शान्वी गर्ल्स हाई स्कूल में कक्षा 6 की छात्रा है। उसकी इस उपल्ब्धि पर शहरवासी गर्व कर रहे हैं। परिवार और कॉलेज के लोग गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड के लिए डेटा, वीडियो, फोटो भेज रहे हैं।स्कूल में गर्मी की छुट्टियां होने पर शान्वी नें तैराकी सीखने के लिए स्विमिंग क्लब में ज्वाइन किया। वह कहती है कि महज एक हफ्ते की ट्रेनिंग के बाद ही उसने यमुना नदी को सिर्फ 17 मिनट में तैरकर पार कर लिया। शान्वी नें मीरापुर के बरगद घाट से तैरना शुरू किया और नैनी की ओर सिंधु सागर घाट ककरा घाट तक तैरकर पूरा किया।



### सुरक्षा, सच और रिकॉर्डिंग को नाव से साथ रहा परिवार

शान्वी जब यमुना नदी तैरकर पार करने लगी तो साथ लगी नाव से पिता संजय सोनकर, मां सुनीता सोनकर, पंकज सिंह, निवेदिता सिंह, आलोक वर्मा, संदीप गुप्ता, पर्मेन्द्र विश्वकर्मा चलते रहे। नाव पर मौजूद अन्य लोग तालियां बजाकर शान्वी को हौसला देते रहे। जानकारों का कहना है कि यमुना नदी की लंबाई लगभग 600 मीटर व गहराई लगभग 25 फीट है। प्रशिक्षक त्रिभुवन निषाद नें बताया कि वो हर साल कमला निषाद एवं लिम्का बुक आफ रिकार्ड होल्डर मानस निषाद के सहयोग से सैकड़ो बच्चो को स्विमिंग क्लब के माध्यम से मीरापुर के बरगद घाट पर तैराकी का प्रशिक्षण देते है। इस वर्ष से क्लब के माध्यम से खेलो इंडिया को बढ़ावा देने के लिए बच्चों तैराकी सिखा रहे हैं। शान्वी के हौसले बुलंद हैं। वह इस उपलब्धि पर काफी खुश है।

# नौकरी के बदले महिला का शारीरिक शोषण कर बनाई वीडियो, रिपोर्ट दर्ज

**झूंसी।** नौकरी दिलाने के नाम पर एक महिला के साथ कंपनी के कर्मचारियों ने शारीरिक शोषण कर उसका वीडियो बना कर पचास हजार रुपये भी ले लिए। पीड़ित महिला ने झूंसी थाने में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। महिला ने बताया कि अखबार में नौकरी के लिए निकले एक कंपनी का इश्तिहार देखकर वह झूंसी रोडवेज वर्कशाप के निकट स्थित आफिस में 28 दिसबंर 2022 को पहुंची थी। वहां पर शैलेंद्र गौड़ नाम के व्यक्ति से भेंट हुई। उसने आधार कार्ड व फोटो ले लिया। उसे ऊपर आफिस में इंटरव्यू के लिए भेजा। वहां राजमन गौड़ नाम का व्यक्तित बैठा था। उसने कमरे में बुलाया और जल जीवन मिशन योजना में 15 हजार रुपया महीना पर नौकरी में रखने की बात कही। उसने बतौर घूस तीन लाख रुपया देने में असमर्थता जताई।उसने इसके बदले शारीरिक संबंध बनाने को कहा। इंकार करने पर राजमन गौड़ ने उसके साथ अश्लील हरकत किया। उसकी साड़ी खींच लिया और अश्लील वीडीओ बना लिया। वीडीओ वायरल करने की धमकी देकर उससे 50 हजार रुपया भी ले लिया। बार-बार वीडीओ डिलीट करने को कहने पर भी जब वीडीओ डिलीट नहीं किया तो महिला थाने पहुंची और राजमन गौड़ व शैलेंद्र कुमार गौड़ निवासी जरहरा, इंदिरानगर लखनऊ के खिलाफ छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी है।

# जिला जज ने दीवानी अदालत का किया निरीक्षण

## वकीलों ने शिष्टाचार भेंट में सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिला जज अब्दुल शाहिद ने शनिवार को यहां दीवानी अदालत का निरीक्षण किया। वही जिला जज के निरीक्षण के तहत अधिवक्ताओं ने भी शिष्टाचार भेंट कर उन्हें बार की स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया। जिला जज अब्दुल शाहिद सीजेएम अर्चना तिवारी के साथ दोपहर दीवानी न्यायालय पहुंचे। जिला जज ने न्यायिक पत्रावलियों के रखरखाव तथा दायर वादों के निस्तारण की प्रगति का भी अवलोकन किया।

उन्होंने न्यायिक भवनों में साफ सफाई एवं अन्य सुविधाओं का भी अवलोकन किया। सिविल जज अरविन्द सिंह ने उन्हें वांछित प्रगति से अवगत कराया। जिला जज के निरीक्षण को लेकर अधिवक्ताओं ने भी शिष्टाचार भेंट की। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह तथा रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने जिला जज अब्दुल शाहिद का सम्मान भी किया। अधिवक्ताओं ने सौंपे गये ज्ञापन में सिविल न्यायालय परिसर में वादकारी शेड के लिए आवंटित धनराशि अवमुक्त कराए जाने एवं लालगंज में अपर जिला जज तथा एसीजेएम न्यायालयो के संचालन के साथ लीलापुर व सांगीपुर थाने के फौजदारी मामलो में क्षेत्राधिकार, न्यायालय परिसर में सीसी टीवी कैमरे तथा मानक के अनुरूप कर्मचारियों की तैनाती को लेकर सौपे गये ज्ञापन में जिला जज का ध्यान आकृष्ट कराया। जिला जज ने अधिवक्ताओं से जरूरतमंदों को सही समय पर न्याय दिलाए जाने में रचनात्मक योगदान दिये जाने की बात कही। ज्ञापन देने वालों में पूर्व उपाध्यक्ष शहजाद अंसारी, संतोष पाण्डेय, सुरेन्द्र सिंह, आशीष तिवारी, गिरिजाकांत द्विवेदी, सिंटू मिश्र, शिवेन्द्र तिवारी, शैलेन्द्र चतुर्वेदी, वीरेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, आदि रहे।


लालगंज निरीक्षण गृह में जिला जज से मुलाकात करते अधिवक्ता।

## परियावां बाजार मे एक ही दिन मे दो आकस्मिक मौत से पसरा सन्नाटा

**परियावां, प्रतापगढ़।** चिकास क्षेत्र कालाक़ाकर के ग्राम पंचायत परियावां के मूल निवासी हीरालाल गुप्ता रिटायर पूर्व प्रधानाचार्य की लम्बी बीमारी के चलते शुक्रवार की भोर पहर अचानक मौत हो गई जिनके निधन पर आस पास के शिक्षकों मे शोक की लहर दौड़ पड़ी और सांत्वना देने घर पहुँचे मृतक शिक्षक के चार बेटे प्रकाशचंद्र गुप्ता शिवचन्द्र गुप्ता ,बिल्लू गुप्ता व ज्ञानचंद्र गुप्ता है ज्ञानचंद गुप्ता रुद्र प्रयाग उत्तराखंड मे प्राइवेट कम्पनी मे जाब करते है जानकारी मिलने पर अपने घर देर शाम पहुँचे मृतक शिक्षक का अंतिम संस्कार नवाबगंज सोनामऊ गंगाघाट पर शनिवार को किया गया जंहा भारी संख्या मे लोग शामिल हुए। इसी क्रम मे परियावां बाजार निवासी सुभाषचंद जायसवाल की माता का शुक्रवार की शाम अचानक निधन हो गया जिनका शनिवार को नवाबगंज सोनामऊ गंगाघाट पर मृतक के पुत्र मुन्ने जायसवाल ने अंतिम संस्कार किया।

# धूम्रपान छोड़े और जीवन को सुखमय बनाएं

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विकास क्षेत्र कालाकांकर के आलापुर में सक्षम फाउण्डेशन कालाकांकर द्वारा किया गया। इस दौरान अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने कहा कि तम्बाकू से होने वाले नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रति वर्ष 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाता है।

उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन हर साल इसकी थीम तैयार करती है और इस वर्ष का थीम है तम्बाकू उद्योग में बच्चों के दखल को कम करना। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ अवधेश सिंह ने कहा कि तम्बाकू का उपयोग न केवल शरीर को खोखला करता है बल्कि कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी को भी दावत देता है, इसमें मौजूद निकोटीन हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बढ़ाता है। इसके अलावा तम्बाकू के सेवन से दॉतों एवं मसूढ़ों की बीमारी भी हो सकती है। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक प्रदीप सिंह ने कहा कि दुनियाभर में अधेड़ से लेकर युवाओं में तम्बाकू के सेवन की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है यही कारण है कि इस धीमें जहर से लोगों को बचाना है तो इससे लोगों को जागरूक होना आवश्यक है। इस अवसर पर मनीष सिंह, प्रवीन कुमार शुक्ला, वैदेही शुक्ला, लालजी मौर्य, सूरज सिंह, मनोज विश्वकर्मा, राधेश्याम, बृषभानु पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय, तुलसीदास आदि लोग रहे।

## अधिवक्ता के पिता का निधन, जताया गया शोक

**लालगंज, प्रतापगढ़।** हण्डौर निवासी तहसील के अधिवक्ता जितेन्द्र शुक्ल के पिता रमापति शुक्ल 90 का शुक्रवार की देर शाम आकस्मिक निधन हो गया। साथी के पिता की मौत की जानकारी को लेकर शनिवार को अधिवक्ताओं ने यहां शोक सभा कर न्यायिक कामकाज से खुद को विरत रखा। सभा की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह व संचालन महामंत्री सूर्यकांत निराला ने किया। वहीं शोक सभा के बाद अधिवक्ताओं ने दीवानी तथा तहसील अदालतों में न्यायिक कामकाज से विरत रहने का प्रस्ताव सौंपा। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर शुक्ल, उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष अभिषेक शुक्ल, राजेन्द्र त्रिपाठी, अनिल त्रिपाठी महेश, राजेश तिवारी, विकास मिश्र, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, संतोष पाण्डेय, विपिन शुक्ल, मदन मिश्र, शिवाकांत शुक्ल, दीपेन्द्र तिवारी आदि अधिवक्ता रहे।

## आरोपियों के खिलाफ उत्पीड़न को लेकर पीड़िता ने दी तहरीर, जांच में जुटी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर मे आरोप लगाया है कि बगल के गांव का एक आरोपी बीती इक्तीस मई की रात उसके दरवाजे पर आकर गालीगलौज करने लगा। पीडिता का आरोप है कि आरोपी द्वारा उसकी पुत्री को लगातार परेशान किया जा रहा है। आरोपी के साथ दो अन्य युवकों द्वारा पीड़िता की पुत्री का अवांछित वीडियो भी घर भेजकर अवैध सम्बन्ध बनाने का भी दबाव बनाया जाता है। आरोप है कि एक आरोपी द्वारा अटठाईस अप्रैल को रात ग्यारह बजे पीडिता की पुत्री को फोन कर जबरिया मिलने की बात कही गयी। इसे लेकर जब पीडिता ने आरोपी के घरवालों से शिकायत की तो आरोपियों ने धमकी दी। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है जांच कर दोषियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

# हाईटेंशन तार की चपेट में आने से संविदा कर्मी की हुई थी मौत

## पत्नी की हालत नाजुक, जिला अस्पताल रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** हाईटेंशन करंट की चपेट आने से गुरुवार को संविदा कर्मी की मौत हो गई थी। मौत की सूचना के बाद से ही पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रानीपुर गांव निवासी राकेश श्रीवास्तव सदहा उपकेंद्र के नारंगपुर बाज़ार में एसएसओ के पद पर कार्यरत था। गुरुवार को उपकेंद्र अंतर्गत एचटी लाइन बनाने के खंबे पर चढा था। अचानक लाइन चालू होने से बिजली की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई थी। मौत की सूचना के बाद मृतक की पत्नी नीलम श्रीवास्तव की भी तबियत अधिक खराब होने पर शनिवार को परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी पट्टी लाए। जहां पर वह बोल पाने में भी असमर्थ है। हालात गम्भीर होने के चलते डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पर उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। फिलहाल परिजनों का कहना है की उक्त लाइन मैन की मौत के मामले में एसडीओ लीपापोती कर रहे है। जबकि एसडीओ साफ साफ मना कर रहे है की मृतक राकेश श्रीवास्तव संबिदा कर्मी था ही नही। एसडीओ की कार्यवाही से परिजनों व ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है।

## दो डिग्री तापमान घटा, दिन भर छाये रहे बादल

**प्रतापगढ़।** आज प्रतापगढ़ का तापमान फिर दो डिग्री घट गया। कल 44 डिग्री तापमान था, आज घटकर 42 डिग्री हो गया है। नौतपा दो जून को समाप्त हो जाएगा तो तापमान 40 डिग्री के नीचे आने की संभावना है। आज दिन में धूप का असर बादलों के कारण कम रहा लेकिन 42 डिग्री तापमान में गर्मी का एहसास लोग कर रहे थे। आज सूर्य लुकाछिपी का खेल रहा था। कभी धूप निकलती तो कभी बादल छा जाते। मौसम विभाग ने आज 42 डिग्री अधिकतम व 30 डिग्री न्यूनतम तापमान रिकार्ड किया। लोगों का अनुमान है कि 22 जून को अषाढ़ माह शुरु होने पर वर्षा हो सकती है। वर्षा होने पर ही इस बार लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलेगी।

# अब सरकारी अस्पतालों में भी फायर ब्रिगेड दे रहा दस्तक

## प्रताप बहादुर अस्पताल, महिला अस्पताल, सीएचसी में हुआ मॉक ड्रिल का रिहर्सल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 शासन के निर्देश के अनुसार जनपद में संचालित जिला/महिला/संयुक्त/अन्य चिकित्सालयों का फायर ऑडिट कर अग्नि सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

इसी अनुपालन में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आज शनिवार को राजा प्रताप बहादुर स्वशासी राज्य चिकित्सालय, महिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाबा बेलखरनाथ धाम, सण्डवा चन्दिका, महेशगंज, लालगंज अझारा, सांगीपुर, रानीगंज, पट्टी, कोहड़ौर, संग्रामगढ़ कुण्डा, राजगंगा नर्सिंग होम सिविल लाइन, रूमा हॉस्पिटल सदर मोड़, सदर, शान्तनु नर्सिंग होम सदर, संजीवनी नर्सिंग होम पल्टन बाजार, सरस्वती आई हॉस्पिटल सदर मोड़, डॉ रामविलास मेमोरियल हॉस्पिटल कुण्डा, नारायण स्वरूप हॉस्टिल रानीगंज का मुख्य अग्निशमन अधिकारी राजू, प्रभारी अग्निशमन अधिकारी अतुल त्रिपाठी, लीडिंग फायरमैन. राधेश्याम दूबे एव प्रभारी अग्निशमन अधिकारी कुण्डा, पट्टी तथा प्रभारी फायर स्टेशन लालगंज, सांगीपुर, रानीगंज, संग्रामगढ़ द्वारा किया गया। तथा फायर ड्रिल/मॉक ड्रिल कराकर डॉक्टर/स्टाफ नर्स/नागरिकों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान अग्निदुर्घटना ग्रस्त भवन के ऊपरी मंजिल में फंसे व्यक्तियों को सकुशल बाहर निकलने का अभ्यास कराया गया तथा एलपीजी सिलेण्डर में आग लगाकर फायर एक्सटिंग्यूशर से तथा अन्य प्रायोगिक विधियों से आग बुझाने प्रदर्शन किया गया। एवं गर्मी में लगने वाली आग के कारणों और उससे बचाव की जानकारी दी गयी। इलेक्ट्रिक सेफ्टी के दृष्टिगत विद्युत विभाग के अधिकारी से समन्वय स्थापित कर विद्युत उपकरणों/तारों का इलेक्ट्रिकल ऑडिट कराकर विद्युत लोड के अनुसार उपकरणों/तारों को अधिष्ठापित कराकर विद्युत विभाग से विद्युत सुरक्षा प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने हेतु संचालक/प्रबन्धक को निर्देशित किया गया।


फायर किट की जानकारी देते फायर ब्रिगेड के अधिकारी।

# पत्रकारिता दिवस पर नवाजे गए कलमकार के सिपाही

## हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ द्वारा आधुनिक पत्रकारिता की दशा एवं दिशा को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मानिकपुर स्थित चंद्रगुप्त मौर्य इण्टर कालेज के सभागार में हुई संगोष्ठी का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र व राष्ट्रीय संयोजक डॉ. भगवान प्रसाद उपाध्याय एवं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान के लिए वरिष्ठ लेखकों एवं पत्रकारों को सम्मान भी मिला।

बतौर मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल ने कहा कि पत्रकारिता समाज के दबे कुचले की मजबूत आवाज बनकर सामाजिक सरोकार को दिशा दिया करती है। अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र ने कहा कि जोखिम के बावजूद भारतीय पत्रकारिता सच की अभिव्यक्ति का अलंकरण है। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय संयोजक डॉ. भगवान प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि पत्रकारिता के सिद्धांत सदैव जन सरोकार को शासन एवं सरकार के समक्ष महत्वपूर्ण मुददे का स्वरूप प्रदान किया करता है। विशिष्ट अतिथि नपं के लिए अजीत सिंह व विद्यालय के प्रबन्धक रामेश्वर सिंह मौर्य रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने पहले हिन्दी समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड के संस्थापक पं. जुगल किशोर शुक्ल को मरणोपरान्त भारत रत्न दिये जाने की मांग उठायी। राष्ट्रीय मुख्य महासचिव एवं कार्यक्रम के संयोजक मथुरा प्रसाद धुरिया ने हिन्दी पत्रकारिता की चुनौतियों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या आरती मौर्या, समाजसेवी पं. रामभरोस मिश्र, रत्नेश शर्मा, सुल्तानपुर जिलाध्यक्ष नरेन्द्र दुबे, प्रदीप सिंह, प्रधान भुटटो हाफिज, वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल त्रिपाठी महेश को प्रतीक चिन्ह एवं अंगवस्त्रतम प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्वागत प्रदेश संयुक्त सचिव डॉ. विजय यादव व संचालन अब्दुल हाशमी ने किया। आभार प्रदर्शन मण्डल अध्यक्ष अजय पाण्डेय व सह संयोजक तहसील इकाई अध्यक्ष पन्ना लाल गुप्ता ने किया। संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवी शरण मिश्रा के मां के निधन पर सभी पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए संवेदना जताई।इस मौके पर राम भरोस मिश्रा, रत्नेश शर्मा, रवीन्द्र दुबे, अजय यादव, जफर सिद्दीकी, शहवाज खान, विजय अग्रहरि, देवीशरण मिश्र, सुरेश पाण्डेय, बसन्त श्रीवास्तव, दिनेश सिंह, सौरभ वैश्य, दीपक गुप्ता, संगम मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।


पत्रकारिता दिवस पर बोलते अतिथिगण।

## मोबाइल रिपेयरिंग का पैसा मांगने पर मारपीट व तोड़फोड़

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मोबाइल रिपेयरिंग का पैसा मांगने पर दुकानदार को दबंगों ने दुकान में घुसकर मारपीट कर घायल कर दिया। आरोप है कि दुकान में उक्त लोगों ने तोड़-फोड़ करने के साथ ही नकदी भी ले ली गई। पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के किठौली जलालपुर गांव के रहने वाले विनोद कुमार विश्वकर्मा ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव के एक युवक का मोबाइल रिपेयर किया था। जिसका पैसा मांगने पर युवक ने दुकान में तोड़फोड़ व मार-पीट की लोगों के बीच बचाव से मामला शांत हुआ। मामले में नाम जद प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

## हरिप्रताप सिंह (हरी बाबू) को जल्दी भुला पाना मुश्किलः पूर्व मंत्री मोती सिंह

### श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए गणमान्य लोग


श्रद्धांजलि सभा में मौजूद पूर्व मंत्री मोती सिंह व अन्य।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिकाध्यक्ष रहे स्व0 हरिप्रताप सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने कहा कि हरी बाबू ने शहर में विकास ही नहीं किया, बल्कि वह शहरवासियों के दुख-सुख में पहुंचते थे। उनकी कठिनाईयों को दूर करने का प्रयास करते थे। उनकी सहजता, सरलता उनकी खूबी रही है। मेरे तो परिवार के ही थे, इसलिये इस दुख की घड़ी में कुछ ज्यादा नहीं कह पा रहा हूं। शहर के सई नदी के पुल के आगे हरिप्रताप सिंह के पेट्रोल पम्प के बगल अहाते में आयोजित पूजा में पंडितों ने विधि विधान से हरिप्रताप सिंह के पुत्र विशाल सिंह से पूजा व दान कराया। इसके बाद आए सभी लोग उनके आवास पर जाकर प्रसाद ग्रहण कर वापस लौटे। यह जानकारी मोती सिंह के मीडिया प्रभारी विनोद पाण्डेय ने देते हुए बताया कि श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में विनय प्रताप सिंह बब्बू व शेष प्रताप सिंह सहित बहुत सारे लोग शामिल रहे।

## शिव की महिमा सुन भावविभोर हुये श्रद्धालु, भण्डारे में चखा प्रसाद

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के अमावां स्थित नरेन्द्र किसान पौधशाला में नौ दिवसीय श्रीशिवशक्ति नारायण महायज्ञ के समापन पर शनिवार को भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शुक्रवार की देर शाम कथा के समापन बेला पर कथाव्यास आचार्य करूणाशंकर दुबे जी ने भगवान शिव की महिमा श्रद्धालुओं को बतायी। उन्होने कहा कि भगवान शिव विश्व के कल्याण तथा चतुर्दिक मंगल के महादेव हैं। उन्होंने कहा कि इस महायज्ञ से समाज को आध्यात्मिक चेतना के साथ जीव के कल्याण और उसके परमधाम का मार्ग प्रशस्त हुआ करता है। आयोजन में श्रद्धालु भगवान शिव एवं मां पार्वती की व्यासपीठ पर मनमोहक झांकी देख मंत्रमुग्ध हो उठे दिखे। कथा के संयोजक आचार्य पं. शिवाकान्त द्विवेदी ने यज्ञ पूजन के साथ कथाव्यास का सम्मान किया। सह संयोजक नरेन्द्र बहादुर सिंह ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। वहीं भण्डारे में शामिल श्रद्धालु हर हर महादेव के जयघोष के साथ देर शाम तक महाप्रसाद ग्रहण करते दिखे। इस मौके पर रामदुलारे सिंह, राजेन्द्र सिंह, रवीन्द्र प्रताप सिंह, राजेन्द्र द्विवेदी, आचार्य गिरिजाकांत द्विवेदी, संतोष पाण्डेय, भोला यादव, आशीष तिवारी, सिंटू मिश्र, धीरेन्द्र पाण्डेय आदि रहे।

## वृद्ध की मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अप्रत्याशित दशा में वृद्ध की मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के खजुरी गांव निवासी बचईराम गुप्ता 65 शुक्रवार की रात खाना खाकर सो गया। शनिवार की सुबह काफी देर तक बचईराम का दरवाजा नहीं खुला। इसकी भनक पडोसियों को हुई तो दरवाजा तोडवाकर लोग अंदर गये। अंदर बचईराम को मृत देख लोग आवाक रह गये। ग्रामीणों ने बचई के अहमदाबाद में रह रहे पुत्रों को मौत की सूचना भेजवायी। मृतक गांव में अपने घर में अकेले रहता था।

# विवाद में चले लाठी डण्डे, महिला रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सरकारी पेयजल की पाइपलाइन की टोंटी से पानी के विवाद को लेकर शुक्रवार की देर शाम दो पक्षों में मारपीट की घटना घटित हुई। मारपीट की घटना में चुटहिल एक महिला को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। लालगंज कोतवाली के असरही गांव निवासी विजय यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि शुक्रवार को शाम सात बजे बच्चों के बीच टोंटी से पानी पीने को लेकर विवाद हो गया। विपक्षियों ने गालीगलौज शुरू की। मना करने पर आरोपियों ने उसकी मां शंकरी देवी पत्नी रामलाखन तथा परिवार के अजय की पत्नी मनोरमा व आठ वर्षीया परी को लाठी डण्डे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपियों ने जानलेवा धमकी दी। घायलों को इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर लाया गया। यहां चिकित्सकों ने मनोरमा को गंभीर दशा में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया। इधर घटना को लेकर विपक्षी दलित परिवार की महिलाओं ने भी पुलिस को विजय यादव समेत आरोपियों के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी की तहरीर दी है। पुलिस ने घायल दलित परिवार की महिलाओं का भी चिकित्सीय परीक्षण कराया है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## जमीनी विवाद में चले लाठी-डंडे व फरसा, दो घायल, एक रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडा फरसा चलने लगा। मारपीट के दौरान दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल कोतवाली पहुंचे। और नाम जद प्रार्थना पर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।पुलिस घायलों को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा। जहां पर एक की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के लवेदा गांव के रहने वाले सुनील सिंह पुत्र गुरु दीन सिंह ने प्रार्थना पत्र देकर आरोपित किया है कि शनिवार की सुबह 7 बजे के आस-पास उसकी आबादी की भूमि पर पड़ोसियों द्वारा कब्जा किया जा रहा था। जिसे मना करने के लिए गया तो उक्त लोगों ने लाठी व फरसा लेकर मारने पीटने लगे यह देख छोटा भाई अनिल सिंह मौके पर आए तो उन्हें भी लाठी डंडे से मार-पीट कर घायल कर दिए। जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। और पट्टी कोतवाली पहुंचे मामले में नाम जद प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है ।वहीं घायलों का मेडिकल परीक्षण के लिए कोतवाली पुलिस सीएचसी भेजा। जहां से सुनील सिंह की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया है। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि पीड़ित ने प्रार्थना पत्र दिया है और घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है जांच करा कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## सोशल मीडिया पर तमंचे संग युवक का फोटो वायरल, पड़ताल में जुटी खाकी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ युवक का वायरल वीडियो व फोटो शनिवार को पुलिस प्रशासन के लिए किरकिरी बनकर देखा सुना गया। वायरल हुए फोटो व वीडियो में एक युवक तमंचे के साथ कई मुद्राओं में प्रदर्शन करते देखा जा रहा है। चर्चा के मुताबिक तमंचे के साथ वायरल फोटो का युवक लालगंज इलाके के एक गांव का बताया जाता है। हालांकि वीडियो व फोटो वायरल होने की जानकारी लालगंज पुलिस को मिली तो आननफानन में पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस ने साइबर सेल के जरिए पड़ताल की तो पुलिस के मुताबिक वायरल वीडियो व फोटो हथिगंवा थाना क्षेत्र के एक मंदिर के निकटतम गांव का प्रदर्शित हुआ है। लालगंज कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि वायरल वीडियो और फोटो का लालगंज कोतवाली से सम्बन्ध नही है। साइबर सेल की जांच में दोषी युवक को चिन्हित कर कडी कार्रवाई की जाएगी।

## लिंक के विरोध में मजदूर यूनियन ने स्टेशन पर किया प्रदर्शन


लॉबी में धरना प्रदर्शन करते मजदूर यूनियन के पदाधिकारी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन शाखा प्रतापगढ़ ने लोको पायलट के नए लिंक के विरोध में शनिवार को लॉबी के सामने धरना प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने रेल प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि नया लिंक समाप्त नहीं किया गया तो हर स्तर पर प्रशासन का विरोध किया जायेगा। धरने में धर्मेन्द्र कुमार दुबे शाखा मंत्री, श्रीकांत त्रिपाठी, प्रदीप कुमार शर्मा, राजेश कुमार सिन्हा, जेके पाण्डेय, मो0 यासिर, संतोष कुमार, दया राम पटेल, आरके गुप्ता, संजय कुमार, केएन पांडेय, अच्छे लाल मिश्रा, एचपी सरोज, वीके पटेल, संदीप मिश्रा, जैस पाल और अजय सिंह समेत काफी संख्या में कर्मचारी नेता मौजूद थे।

# नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में कोई भी हैण्डपम्प खराब है तो उसे तत्काल ठीक कराया जाए : डीएम

**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न**

**अखंड भारत संदेश**






**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में उदयन सभागार में ऑपरेशन कायाकल्प, मध्यान्ह भोजन, कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, समेकित शिक्षा कार्यक्रम एवं निपुण भारत आदि के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत कराये जा रहें कार्यों की समीक्षा के दौरान कुछ विद्यालयों में रनिंग वाटर, टाइल्स, किचन शेड एवं शौचालयों में रनिंग वाटर आदि कार्य शेष पाये जाने पर सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों/ ई0ओ0 को निर्देशित किया कि आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद प्राथमिकता के आधार पर सभी कार्यों को पूर्ण कराया जाय। उन्होने भीषण गर्मी के दृष्टिगत सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में कोई भी हैण्डपम्प खराब है तो उसे तत्काल ठीक कराया जाय तथा साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित रखी जाय। उन्होंने अभियान चलाकर अमृत सरोवरों/तालाबों में पुनः पानी भरवाने के निर्देश दियें। उन्होंने अधिशासी अभियंता, विद्युत को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाय कि बिजली की अनावश्यक कटौती न होने पाये तथा ट्रान्सफार्मर खराब होने एवं विद्युत में फाल्ट की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल ठीक कराया जाय। मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने बैठक में उपस्थित सभी खण्ड विकास अधिकारियों, अधिशासी अधिकारियों एवं सीडीपीओ को निर्देशित किया कि हीटबेव के दृष्टिगत अपने कार्यालयों में पेयजल एवं ओआरएस की व्यवस्था रखें, जिससे कार्यालय आने वाले आमजन को आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध कराया जा सकें बैठक में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2024-25 में अद्यतन 145081 छात्र-छात्राओं का नामांकन किया जा चुका हैं। लगभग 20 हजार छात्र-छात्राओं को चिन्हित भी किया गया हैं, जिनकी आयु आगामी माहों में 06 वर्ष हो जायेंगी, तत्पश्चात उनका नामांकन कर लिया जायेंगा। 123733 छात्र-छात्राओं एवं 138973 अभिभावकों का आधार प्रमाणीकरण भी किया जा चुका हैं। उन्होंने बताया कि कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालय, सिराथू में लगभग 50 मीटर बाउण्ड्रीवॉल गिर गई हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को बाउण्ड्रीवॉल ठीक करवाने के निर्देश दियें।इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी विजय कुमार एवं प्राचार्य डायट भारती त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## विवादित खेत का वीडियो बनाने गए पत्रकार पर हमला करने वालों का मुकदमा दर्ज

**अझुवा कौशांबी** मोहब्बतपुर पइंसा थाना क्षेत्र के काजिनपुर गोपालपुर में अतुल कुमार सिंह के विवादित खेत पर न्यायालय से स्थगन के बाद दूसरे पक्ष के लोग गेहूं के खेत की फसल की कटाई कर रहे थे जिस पर एक अखबार के प्रतिनिधि ओम प्रकाश सिंह मौके की फोटो वीडियो बनाने गए जिस पर खेत की कटाई कर रहे दबंगों ने पत्रकार पर हमला कर दिया वीडियो बना रहे पत्रकार को मारा पीटा गया उनका मोबाइल नगद रुपए पेन गमछा छीन लिया गया मामले को लेकर पत्रकारों ने धरना प्रदर्शन और विरोध किया है इसके बाद थाना पुलिस ने पत्रकार ओम प्रकाश सिंह की तहरीर पर आरोपी शैलेंद्र सिंह मनोज सिंह जीतू सिंह सुरेंद्र सिंह के बिरुद्ध गंभीर धाराओ में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## न्यूज झरोखा

### तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलटी



**टेडीमोड कौशांबी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के गिरधरपुर गढ़ी के पास एक तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई है लेकिन हादसे में पिकअप चालक बाल बाल बच गया है बताया जाता है कि हीरा कोल्ड स्टोर सैनी से बर्फ लादकर पिकअप चालक रायबरेली जा रहा था जैसे ही गिरधरपुर गढ़ी के पास पहुंचा अनियंत्रित होकर पिकअप पलट गई है वाहन के पलटते ही मौके पर लोगों के भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई है सूचना पाकर घटना स्थल में पुलिस भी पहुंच गई है हालांकि चालक को चोट नहीं आई है।

### कई दिन से काटे जा रहे हैं हरे पेड़



**कौशांबी करारी** थाना क्षेत्र के छिमिरछा कुतुबपुर की एक बाग में बीते कई दिनों से लकड़ी माफिया द्वारा हरे पेड़ काटे जा रहे हैं सुबह से आधा दर्जन से अधिक मजदूरों को लेकर पेट्रोलिंग आरा मशीन के साथ लकड़ी माफिया बाग में पहुंच जाते हैं और कई पेड़ों को देखते-देखते काटकर जमीन पर गिरा देते हैं लकड़ी माफी अपने साथ लोडर वाहन भी लेकर जाते हैं जिसमें पेड़ की काटी गई लड़कियों को प्रतिदिन लकड़ी माफिया उठा ले जाते हैं कई दिन से पेड़ काटे जाने की जानकारी से अभी तक वन विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारी अनजान बने हुए हैं जबकि लकड़ी माफिया इलाके के चर्चित है बताया जाता है कि पेड़ की काटी गई लड़कियां क्षेत्र की आरा मशीन में पहुंचाई जा रही हैं ना तो ट्रंजित परमिट लिया जाता है ना पेड़ कटान का परमिट लिया जाता है हरे पेड़ के कटान पर पूरी तरह सरकार ने रोक लगाई है लेकिन विभाग के साठगांठ से चलते इलाके में सब कुछ मनमानी तरीके से हो रहा है क्षेत्र के लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए बिना परमिट के काटे गए पेड़ पर लकड़ी माफिया पर कार्रवाई की मांग की है

### राजमाता अहिल्याबाई होल्कर ने साधारण मनुष्य रूप में असाधारण कार्य किया : अजय सोनी



**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में एक जून शनिवार को पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में मासिक बैठक का आयोजन हुआ। मासिक बैठक में पार्टी के तमाम कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर पार्टी कार्यालय में राजमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनाई गई। सबसे पहले पार्टी कार्यकताओं ने राजमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर राजमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती की बधाई दी। साथ ही इस अवसर पर उनके द्वारा राज्य की रक्षा एवं प्रजा के हित में किए गए कार्यों को याद किया गया। साथ ही पूरे देश भर में उनके द्वारा धर्महित में किए गए कार्यों को लेकर परिचर्चा हुई। इस अवसर पर पार्टी नेता अजय सोनी ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर जन जन में लोकप्रिय थीं। उन्होंने राज्य की प्रजा के हित में और धर्म हित में अनेकों अनेक कार्य किया। साथ ही अपने राज्य का सकुशल संचालन करते हुए राज्य की बाहरी अक्रमणाकारियो से रक्षा की और राज्य विस्तार कर एक मजबूत राज्य का नवनिर्माण किया। आगे कहा कि साधरण मनुष्य रूप में होकर राजमाता अहिल्याबाई होलकर ने असाधारण कार्य किया। इस अवसर पर प्रेमचंद्र केसरवानी, सुरेंद्र पांडेय, वेद यादव, राजवंत सिंह, बद्री प्रसाद प्रजापति, मुन्ना सिंह पटेल, किशन लाल विश्वकर्मा, सुरजीत वर्मा, विकास कसेरा, परिहार सिंह, जुम्मन अली आदि मौजूद रहे।

### अस्पताल से चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के तमाम दुकानों में लगातार चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है बीते कुछ दिनों से चरवा क्षेत्र के दुकानों में लगातार चोरी होती थी जिससे आम जनता के साथ पुलिस परेशान थी शनिवार को जहांगीर मेमोरियल हॉस्पिटल चरवा में चोरी करते हुए एक युवक पकड़ा गया युवक का चोरी करते फुटेज भी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया आरोपी युवक ने जहांगीर मेमोरियल हॉस्पिटल के काउन्टर से लगभग 7826 रूपए चोरी से निकाल लिया है सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को अपने कब्जे में ले लिया है और उससे पूछताछ कर रही है पकड़े गए युवक का नाम हर्ष शर्मा पुत्र कल्लू शर्मा निवासी चरवा उत्तर थोक गांधी चबूतरा चरवा बताया जा रहा है।

# प्रशासनिक अधिकारी के पद पर तैनात रमाकान्त पटेल अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के पश्चात हुए सेवा निवृत्त

**जिलाधिकारी ने रमाकान्त पटेल को स्मृति चिन्ह भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की**



**कौशाम्बी।** कलेक्ट्रेट में प्रशासनिक अधिकारी एवं शस्त्र लिपिक के पद पर तैनात रमाकान्त पटेल अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के पश्चात 31 मई 2024 को सेवानिवृत्त हुए रमाकान्त पटेल लगभग 37 वर्ष की सेवाकाल के पश्चात सेवा निवृत्त हुए। श्री पटेल कलेक्ट्रेट कौशाम्बी में पेशकार, नाजिर, लिपिक नगर निकाय, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं शस्त्र लिपिक आदि पटलों पर कार्यरत रहतें हुए कुशलतापूर्वक शासकीय कार्यों को सम्पादित किया। कलेक्ट्रेट स्थित उदयन सभागार में आयोजित विदाई समारोह में जिलाधिकारी राजेश कुमार राय, अपर जिलाधिकारीगण अरूण कुमार गोंड एवं प्रबुद्ध सिंह, उप जिलाधिकारीगण राहुल देव भट्ट व विनय कुमार मौर्य ने फूलों की माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट कर विदाई किया तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अध्यक्ष उ0प्र0 मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ शाखा जनपद कौशाम्बी/वी0आई0पी0 बाबू अंगद सिंह, मंत्री/पेशकार सुनील सिंह, पेशकार जिलाधिकारी राकेश मौर्य, नाजिर सुभाष चन्द्र जायसवाल, प्रशासनिक अधिकारी विनोद कुमार एवं श्याम बिहारी, दैवी आपदा बाबू दिनई लाल, पेशकार एडीएम (एफ/आर) चन्द्रपाल सिंह, आशुलिपिक सुरेश सिंह, आशुलिपिक उप जिलाधिकारी मंझनपुर सुनील यादव एवं पेशकार उप जिलाधिकारी मंझनपुर कमलेश कुमार सहित कलेक्ट्रेट के अन्य कर्मचारियों ने फूलों की माला पहनाकर रमाकान्त पटेल का भावभीनी विदाई किया तथा उनके शासकीय कार्यों के निर्वहन की सराहना करते हुए उनके साथ व्यतीत किये पलों को साझा किया।

# पत्नी वियोग में युवक ने खाया जहर, हुई मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**तमाम पंचायत के बाद भी महिला पति के साथ आने को तैयार नहीं हुई**



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के ग्राम सभा कनवार के अखाड़ा पर में पत्नी के वियोग में एक युवक ने जहर खाकर जान दे दी। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई है मृतक युवक के घर पर गांव वालों की भीड़ लगी हुई है। जानकारी के अनुसार अनिल कुमार पुत्र सुरेश सोनकर निवासी अखाड़ा पर कनवार ई रिक्सा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था उसकी शादी 15 वर्ष पहले खखरेरू थाना के शिव पूरी में अंजू देवी के साथ हुई थी युवक 3 लड़कियों और 1 लड़के का पिता था परिजनों के अनुसार अनिल कुमार और अंजू देवी में अक्सर विवाद होता था विवाद कर महिला मायके चली जाया करती थी जिसे पति और परिजन बुला लाया करते थे ।बीते 20 मई को अंजू देवी ने पति से विवाद कर एक छोटी पुत्री और घर के जेवर लेकर मायके चली गई युवक अनिल और उसके पिता सुरेश आदि परिजनों को लेकर बीते कल पत्नी को बुलाने ससुराल पहुंचा लेकिन तमाम पंचायत के बाद भी महिला पति के साथ आने को तैयार नहीं हुई ।युवक अनिल अपने घर पहुंचकर जहरीला पदार्थ निगल लिया परिजनों को जानकारी होने पर युवक को सिराथू अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिए जिला अस्पताल में कुछ उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति देख प्रयागराज के लिए रिफर कर दिया ।युवक के परिजन मंझनपुर के तेजमती अस्पताल में भर्ती करवा दिया जहां युवक की देर रात्रि मौत हो गई परिजनों ने युवक के शव को घर लाकर अझुवा चौकी पुलिस को सूचना दिया सूचना पाकर चौकी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई में जुट गई है वहीं मृतक के घर में कोहराम मचा है।

# युवती के फोन करके बुलाने पर पहुंचे युवक की परिजनों ने गला घोटकर कर दी हत्या



**कौशाम्बी।** एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के गांजा गांव के एक युवक को युवती ने फोन कर-के अपने घर बुलाया युवती के बुलाने पर युवक उसके घर पहुंच गया जहां युवती के घर वालों ने गला घोटकर युवक की हत्या कर दी है और लाश को ठिकाने लगाने का प्रोग्राम बना रहे थे लेकिन मामले की जानकारी युवक के पिता को लग गई जिस पर डायल 112 पुलिस लेकर युवक का पिता युवती के घर जा पहुंचा और दरवाजा खुलवाकर जब मौके का नजारा देखा तो युवक का शव युवती के घर के अंदर पड़ा था मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गयी मौके पर पहुंची एयरपोर्ट थाना पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है युवक की मौत के बाद उसके घर परिवार में कोहराम मचा है जानकारी के मुताबिक राजबेन्द्र सिंह पुत्र नरपत सिंह निवासी गाँजा थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज के मोबाइल फोन नंबर पर 31 मई की रात 8:00 बजे एक युवती का फोन आया युवती गाँजा गांव की रहने वाली है युवती के बुलाने पर राजवेन्द्र उसके घर पहुंच गया जहां पहले से मौजूद युवती का पति फूल सिंह देवर कमल सिंह रणधीर सिंह मनजीत सिंह दिनेश सिंह आदि लोगों ने युवक को घेर लिया मारपीट कर उसको मौत के घाट उतार दिया युवक की हत्या किए जाने के बाद मामले की जानकारी गांव वाले लोगों को लग गई तो गांव वाले लोगों ने मामले की जानकारी युवक के पिता को दिया पुत्र की हत्या की जानकारी मिलते ही युवक का पिता और उसके परिवार के लोग युवती के घर पहुंच गए दरवाजा न खोलने पर मामले की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गयी पुलिस ने घर का दरवाजा खुलवाया तो अंदर का नजारा देखकर सब दंग रह गए युवती के घर के अंदर युवक का शव पड़ा हुआ मिला है सूचना पाकर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया युवक के पिता ने गलाघोट का हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को तहरीर दी है जानकारी मिलने के बाद युवक के परिवार और रिश्तेदार भी मौके पर पहुंच गए हैं जहां कोहराम मचा हुआ है युवक की हत्या के पीछे की कहानी पर लोग चर्चा कर रहे हैं।

# इस प्रचंड गर्मी में बिलबिला उठे बच्चे बूढ़े जवान परंतु नही पसीजा विद्युत विभाग

**प्रतिदिन लाइट की ट्रिपिंग से त्रस्त आ चुके है उपभोक्ता लोगो ने याद किया पूर्व विधायक संजय गुप्ता का कार्यकाल**




भरवारी कौशांबी। नगर पालिका परिषद भरवारी में इस वक्त विद्युत सप्लाई न होने से भरवाती में हाहाकार मचा हुआ हैं वही इस प्रचंड गर्मी में बच्चे बूढ़े और जवान बिल बिला उठे है उसके बाबजूद विद्युत विभाग नही पसीजा आपको बता दे जब से चुनाव सम्पन्न हुआ है तब से विद्युत आपूर्ति बद से बत्तर हो गई है जिसके चलते लोगों के सामने पानी की विकराल समस्या खड़ी हो गई है लोगों को पीने खाने लघुशंका से लेकर दिशा मैदान तक का सफर करने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। अब तो लोगो के मुंह से यह कहते सुना जा सकत है की वह भी क्या दिन थे जब चायल के पूर्व विधायक संजय गुप्ता हुआ करते थे ऐसे में विद्युत विभाग भी यह सोचने को मजबूर रहता था कही भी लाइट कटी कि समझो विधायक संजय गुप्ता मुकाबले में है इसके पीछे डर इतना व्याप्त था जिसके चलते लोग भरवारी में वह दिन भूल गए थे की एक सप्ताह दिन वा एक सप्ताह रात्रि में भी लाइट मिला करती थी '। आज वह विधायक नही है परंतु जो वर्तमान में है भी उसका कोई वजूद भी नही है कहा रहती हैं किसी को कुछ पता नही 'आज भी विद्युत सप्लाई बाधित होने से सुबह से लोग गर्मी से बिलबिला रहे है। अरे उन माताओं बहनों वा मासूम बच्चों से पूछे जिनका मकान ही तंग गलियों में बना हो जहा सूरज की किरण भी नही मिलती हवा का भी कोई ठिकाना नहीं है वाह री विद्युत विभाग जारा सा तो तरस खाना चाहिए।

## 2 महीने में ही जगह जगह उखड़ने लगी नवनिर्मित सड़क

**योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त दावे के विपरीत काम करने वाले अधिकारी और ठेकेदारों की कब होगी गिरफ्तारी**



**नेवादा कौशाम्बी।** लाखों रुपए की लागत से खराब सड़क बनाई गई थी लेकिन घटिया निर्माण के चलते बनते ही सड़क फिर खराब हो गई है जिसने विभाग के भ्रष्टाचार की पोल खोल दी है अब खराब सड़क को फिर जगह-जगह पर रिपेयर कर विभाग अपने भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहा है क्षेत्र के लोगों ने जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री से घटिया निर्माण की जांच करा कर ठेकेदार और अधिकारियों को दंडित किए जाने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक चायल तहसील क्षेत्र के किशुनपुर कैनाल नहर सरैंय्या पुल से तियरा मोड़ तक वाया फरीदपुर लोधउर पिपरहाई तक लाखों रुपए खर्च करके 2 महीने पहले आरसीसी रोड बनाई गई थी लोगों को उम्मीद थी कि सड़क के बन जाने के बाद 20 वर्षों तक लोगों को आवागमन में दिक्कत नहीं होगी लेकिन 20 वर्ष की बात छोड़िए 2 महीने में ही यह नवनिर्मित सड़क जगह जगह उखड़ने लगी है स्थित इतनी खराब है कि लोगों को चलने में दिक्कत हो रही है 2 महीने पहले बनी यह सड़क जगह जगह उखड़ गई है जिससे विभाग की किरकिरी होने लगी और अपनी बदनामी से बचने के लिए विभाग के अधिकारियों ने फिर से सड़क की मरम्मत शुरू कर दी हैं जिससे विभाग के भ्रष्टाचार पर पर्दा पड़ा रह जाए और उनकी कलई खुल ना सके सवाल उठता है कि विभागीय अधिकारियों के संरक्षण में कब तक ठेकेदार सरकारी खजाना को लूटने में लगे रहेंगे और सरकारी कार्यालय के जिम्मेदार इस लूट में कमीशन खोरी के हिस्सेदार तक सीमित रह जाएंगे आखिर कमीशन वसूलने वाले इन विभागीय अधिकारियों पर कब मुकदमा दर्ज कराकर उनकी गिरफ्तारी की जाएगी कब भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी जबकि योगी सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त शासन का दावा किया है लेकिन योगी सरकार का यह दावा केवल बयान बाजी तक सीमित रह गया है।

# बूंद बूंद पानी को तरस रहे मढिया मई (रसूल पुर )की 1500 की आबादी



**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 4 रसूल पुर मढिया मई की आबादी करीब 1500 है यहां 13 हैंडपंप और 4 हैंडपंपों में मोटर डालकर पानी की व्यवस्था की गई है। मौजूदा समय पूरे देश सहित कौशांबी क्षेत्र में हीट स्ट्रोक की समस्या से लोग जूझ रहे है।गर्मी से पशु पक्षी इंसान बेहाल हैं ।गर्मी से बचने के लिए केवल पानी का सहारा है वहीं वार्ड नंबर 4 में सबसे अधिक लोग पानी के लिए त्राहि त्राहि कर रहे हैं। पानी की समस्या को देखते हुए नगर पंचायत ने ढाई हजार की आबादी जिसमें वार्ड नंबर 5 के अजमतपुर बीच का पुरवा,वार्ड नंबर चार रसूलपुर में 27 लाख का नलकूप बनवाकर पाइपलाइन के सहारे जलापूर्ति की योजना बनाई वर्ष 2021 में पंप हाउस तैयार हो गया नलकूप लग गया इस दौरान 2 साल में 3 ठेकेदार फर्म ने तीन हिस्सों में करीब 25 लाख रुपए लागत से 2 हजार मीटर पाइप लाइन बिछाई। पाइपलाइन बिछने के बाद भी 1 वर्ष तक पानी की सप्लाई शुरू नहीं की जा सकी थी बहाना बताया गया कि जब कोई कनेक्शन नहीं ले रहा तो सप्लाई कैसे शुरू करवाई जाए पानी की भीषण समस्या देखते हुए नगर पंचायत ने वार्ड 4 रसूल पुर मढिया मई में 11 स्टैंड पोस्ट खड़े कर सप्लाई शुरू करवा दी लेकिन यह क्या कुछ मिनट बाद ही रसूलपुर के कामता सरोज के घर के पास सहित तीन जगह पाइपलाइन फट गई जिससे जलापूर्ति बाधित हो गई आज भी उस वार्ड के वाशिंदे 17 हैंड पंप जिसमें चार हैंडपंपों में मोटर लगाई गई है उनके सहारे जीवन यापन कर रहे हैं। रसूलपुर के रामबालक ने कहा 4 वर्ष पहले जब नलकूप का काम शुरू हुआ तो पेय जल के संकट से निजात मिलने की उम्मीद बढ़ी थी लेकिन अब तक पेय जल की समुचित आपूर्ति नहीं हो पाई इससे मुश्किलें झेलनी पड़ रही है पता नहीं कब पेयजल आपूर्ति शुरू होगी। वहीं वार्ड के संजू ने कहा इस भीषण गर्मी में हैंडपंपों के सहारे पानी की जरूरत पूरी करना कठिन हो रहा है ज्यादातर लोग परेशान हैं अधिकारी लापरवाही न बरतें तो यह समस्या 4 वर्ष पहले ही दूर हो जाती लेकिन ऐसा हुआ नहीं। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा ने कहा इस मामले की जानकारी नहीं है यदि ऐसा है तो समस्या का शीघ्र निस्तारण किया जाएगा।

## तपन भरी धूप और लू में बूंद बूंद पानी को तरस रहे हजारों ग्रामीण

**हैंडपंप मरम्मत के नाम पर लाखों की रकम खा गए ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव नहीं हो सकी करवाई**



**बेनीराम कटरा कौशाम्बी।** नेवादा विकास खण्ड क्षेत्र के बरोलहा और बरियावा ग्राम पंचायत सहित दर्जनों ग्राम सभा में बूंद बूंद पानी के लिए गर्मी के दिनों में हजारों आम जनता तरस रही है दूर-दूर से पानी लाकर जनता प्यास बुझा रही है तपन भरी दुपहरी में तेज लू के बीच सैकड़ो छोटे-छोटे बच्चे बाल्टी लेकर पानी भरने हैंड पंप पर दूर दूर जाते हैं जिससे उनकी स्थिति खराब हो जाती है लेकिन पानी की व्यवस्था भी योगी सरकार में अधिकारी नहीं कर सके हैं एसी रूम में बैठकर बंद बोतल का ठंडा पानी पीकर मीटिंग और बयान बाजी तक अधिकारी पानी की समस्या का समाधान करते दिखाई पड़ रहे हैं कई बार लोगों ने अधिकारियों से पानी की समस्या का दुखड़ा रोया लेकिन भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी पानी की समस्या का भी समाधान नहीं कर सके हैं नेवादा विकासखंड क्षेत्र में पीने के पानी की स्थिति इतनी खराब है कि क्षेत्र के आधे से अधिक हैंड पंप खराब है हैंड पंप मरम्मत के नाम पर मिलने वाले बजट को रिबोर के नाम पर पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान ने मिलकर निकाल लिया है और हैंडपंप की मरम्मत नहीं हो सकी जिससे पानी की समस्या बनी रह गयी बीते दो महीने से हजारों आम जनमानस पानी की समस्या से परेशान है लेकिन अधिकारी बरसात होने का इंतजार कर रहे हैं एयर कंडीशन रूम में बैठकर अधिकारी बंद बोतल का ठंडा पानी पीकर आम जनता की पानी की समस्या का समाधान करने की बयान बाजी कर रहे हैं । हैंड पंप की मरम्मत में किए गए भ्रष्टाचार की कलई ना खुले और उनके भ्रष्टाचार पर पर्दा पड़ा रह जाए सरकारी खजाने से रकम भी निकल गई लेकिन पानी की समस्या नहीं दूर हो सकी है मामले की शिकायत खंड विकास अधिकारी से भी लोगों ने की लेकिन एडीओ पंचायत और खंड विकास अधिकारी भी फर्जी तरीके से हैंडपंप मरम्मत के बाद पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान पर कार्यवाही नहीं कर सके हैं जिससे हैंडपंप मरम्मत की रकम में भ्रष्टाचार के मामले में इन अधिकारियों की भी हिस्सेदारी से इनकार नहीं किया जा सकता हैंड पंप मरम्मत में बड़े घोटाले की यदि शासन स्तर से जांच हुई तो खंड विकास अधिकारी नेवादा सहित विभिन्न लोगों पर कठोर कार्रवाई होना तय है।

## संपादक की कलम से

### कांग्रेसियों को सतर्कता की जरूरत

संगठन के प्रति असंदिग्ध निष्ठा और विद्वता के बावजूद कांग्रेस के नेता मणिशंकर अय्यर को बयान देते वक्त अधिक संयम व सावधानी बरतने की जरूरत है। निवर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिये एक बार व्यक्तिगत अपमान भरी टिप्पणी कर वे पार्टी का ऐसा बड़ा नुकसान कर चुके हैं जिसकी भरपायी कभी नहीं हो सकी थी। फिर, कोई भी बयान देते वक्त उन्हें इस बात को अब तक समझ जाना चाहिये था कि सामने खड़े मोदी और उनकी भारतीय जनता पार्टी विपक्षी दलों का फायदा उठाने में पारंगत है। अब की बार चीन को लेकर उनका आया बयान अधिक संवेदनशील है। और तो और, ऐसे वक्त में यह बयान आया है जब लोकसभा चुनाव के लिये मतदान का अंतिम चरण 1 जून को होगा। नतीजे 4 जून को आ जायेंगे। आखिरी चक्र में ही वाराणसी सीट पर खुद मोदी उम्मीदवार हैं।

हालांकि अब केवल 57 सीटें बची हैं और मणिशंकर का बयान चुनावी परिणामों पर वैसा असर नहीं करेगा जैसा पिछली बार की उनकी टिप्पणी से हुआ था। चुनाव तो पूरा हो चुका है लेकिन कांग्रेस द्वारा जब मोदी एवं भाजपा नेताओं की बदजुबानी को लेकर भी एक बड़ी लड़ाई लड़ी जा रही है, तो सावधानी बेहद आवश्यक है। कांग्रेस ही नहीं, सभी विपक्षी दलों के नेताओं को यह पता भी है कि भाजपा के पास अपना एक सुसंगठित प्रचारतंत्र है; साथ ही उसका समर्थक मीडिया है जो मोदी विरोधी बातों को कई गुना बढ़ाकर दिखलाने व सुनाने में महारत रखता है। उनका यह बयान चाहे कांग्रेस को अब सीधे-सीधे कोई नुकसान नहीं पहुंचाएगा लेकिन विपक्ष की कथित रूप से देशविरोधी छवि बनाने में वह मददगार हो सकता है। वर्तमान दौर यथार्थ नहीं अवधारणाओं और छवियों से परिचालित होता है। इसकी रेस में भाजपा कांग्रेस से आगे है। अलबत्ता लम्बे समय के बाद विमर्श के स्तर पर कांग्रेस व सहयोगी दलों का गठबन्धन इंडिया भाजपा को मात देने में कामयाब दिख रहा है। भाजपा ने अपने पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में मुख्य रूप से यही काम किया है, कि विपक्षियों को राष्ट्रविरोधी साबित किया जाये। अय्यर का बयान कांग्रेस की इसी छवि को सघन करने में भाजपा का मददगार हो सकता है।

शनिवार शाम अय्यर दिल्ली में विदेशी संवाददाता क्लब में एक भाषण दे रहे थे जिसमें उन्होंने चीनी आक्रमण का उल्लेख करते हुए 'कथित' शब्द का प्रयोग किया था। उन्होंने कहा- 'अक्टूबर 1962 में चीनियों ने कथित तौर पर भारत पर आक्रमण किया था।' हालांकि उन्होंने अपने इस बयान के लिये माफी मांगते हुए कहा कि- 'मैं चीनी आक्रमण के पहले कथित शब्द का गलती से प्रयोग करने के लिये बिना शर्त माफी मांगता हूं।' वैसे इस बीच अनुमानों के अनुरूप भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर पोस्ट डाल ही दी। इसमें उन्होंने कहा है कि यह बयान कांग्रेस के चीन के प्रति प्रेम को दर्शाता है जबकि इस हमले के बाद चीन ने भारत की 38 हजार वर्ग किलोमीटर जमीन पर अपना कब्जा कर लिया था। लगे हाथ उन्होंने यह भी आरोप लगा दिया कि जवाहरलाल नेहरू ने चीन के पक्ष में राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद की सीट छोड़ दी थी। मालवीय के अनुसार राहुल गांधी ने चीन के साथ एक गुप्त एमओयू पर हस्ताक्षर भी किये थे और राजीव गांधी फाऊंडेशन ने चीनी दूतावास से चंदा तक स्वीकार किया था। इसके बाद यूपीए की सरकार ने चीनी वस्तुओं के लिये भारतीय बाजारों को खोल दिया था।

'कथित' शब्द के गलत प्रयोग का असर कितना घातक हो सकता है, इसका भान होते ही कांग्रेस के महासचिव व प्रचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने आनन-फानन में इस पर एक बयान दिया कि 'कांग्रेस अय्यर के बयान से खुद को अलग करती है। वह मानती है कि 1962 का चीन द्वारा किया गया हमला उतना ही वास्तविक था जितना 2020 की शुरूआत में चीन द्वारा लद्दाख में की गई घुसपैठ है।' रमेश ने कहा कि 'मोदी ने 19 जून को एक सार्वजनिक बयान में चीनी घुसपैठ को नकार कर न सिर्फ चीन को क्लीन चिट दी वरन भारतीयों का पक्ष कमजोर कर दिया। देपसांग व डैमचोक सहित 2000 वर्ग किमी का इलाका भारतीय सैनिकों की पहुंच से बाहर कर दिया गया है।' उन्होंने सभी से अय्यर की उम्र का भी ख्याल रखने के लिये कहा है। जिस कार्यक्रम में अय्यर ने चीनी आक्रमण के लिये 'कथित' शब्द का प्रयोग करने की चूक की, उसी में अपने भाषण में पाकिस्तान की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि 'उनका पाकिस्तान में दिल खोलकर स्वागत हुआ था।' इसे भारत की एक बड़ी सम्पत्ति बतलाते हुए उन्होंने कहा कि 'पिछले 10 वर्षों में पाकिस्तान के साथ वार्ता के कोई प्रयास नहीं हुए।' वैसे देखा जाये तो अय्यर के भाषण में एक 'कथित' वाला मामला छोड़ दें तो इतना बड़ा बखेड़ा करने का आधार नहीं बनता लेकिन फिलहाल देश जिस दौर से गुजर रहा है उसमें भाजपा के लिये राष्ट्रवाद एक प्रमुख ताकत है और वह हर ऐसे बयान को भुनाने की कोशिश करती है जिससे उसे सियासी फायदा मिले। यह कांग्रेस का दुर्भाग्य ही कहा जायेगा कि ऐसे वक्त में जब वह देश में लोकतंत्र बचाने की सबसे बड़ी लड़ाई लड़ रही है, तो उसके अपने संगठन के ही कुछ ऐसे वरिष्ठ सिपहसालार उसके लिये अड़चनें उत्पन्न करते हैं। कुछ दिनों पहले इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा भी नस्ल तथा इनहेरिटेंस टैक्स सम्बन्धी बयानों द्वारा संगठन की मुश्किलें बढ़ा चुके हैं। वक्त सतर्कतापूर्वक बातें करने का है!

## पर्यावरण रक्षक है वृक्ष खेती

**- बाबा मायाराम**

वृक्षों की जल संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका है। वृक्षों के कारण बारिश की सीधी मार जमीन पर नहीं पड़ती। कुछ बारिश की बूंदें पत्तियों पर ही ठहर जाती हैं। हवा के हल्के झोंकों के साथ बूंदें धीरे-धीरे नीचे जाकर भूजल में तब्दील हो जाती हैं। वृक्षों के नीचे केंचुए सक्रिय होते हैं, वे जमीन को हवादार व पोला बनाते हैं। इस कारण वर्षा जल अधिक मात्रा में भूजल में परिवर्तित होता है। यहां तालाब भी है। जहां पानी और पेड़ होते हैं, वहां पक्षी होते हैं। यहां कई तरह के रंग-बिरंगे पक्षी हैं, जो खेती में सहायक हैं।

इन दिनों जब काफी तेज गर्मी पड़ रही है, तापमान बढ़ रहा है, तब पेड़ों की बहुत याद आती है। लेकिन अब पेड़ ही कम बचे हैं, लगातार कटते जा रहे हैं। लेकिन मैं आज के स्तंभ में ऐसी पहल के बारे में बताने जा रहा हूं, जिन्होंने पेड़ लगाने और बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। छुटपन में हम देखते थे कि गांवों में और उसके आसपास कई तरह के पेड़ हुआ करते थे। आम, नीम, इमली, बरगद, पीपल, बबूल, कटहल के पेड़ होते थे। इनकी गहरी छाया होती थी, और मौसमी फल खाने को मिलते थे। कुछ पेड़ों से अच्छी लकड़ियां मिलती थीं। ईंधन, चारा और औषधियों में भी इनका उपयोग किया जाता था। मिट्टी-पानी के संवर्धन में भी इनका विशेष योगदान होता था। ऑक्सीजन के लिए भी पेड़ महत्वपूर्ण हैं।

कुछ समय पहले मेरा महाराष्ट्र जाना हुआ। वहां अमरावती जिले के रवाला गांव में बसंत फुटाणे के खेतों को देखने का मौका मिला। वे एक गांधीवादी किसान कार्यकर्ता हैं, और प्राकृतिक खेती करते हैं। उनके खेत में कई तरह के पेड़ हैं। इनमें से कुछ कुदरती तौर पर उगे हैं, और कुछ का उन्होंने रोपण किया है। खेत में ही लकड़ी और मिट्टी का घर भी बनाया है।

वहां मेरा स्वागत अम्बाड़ी के शरबत से किया गया। इसके बाद, मैंने बसंत फुटाणे के बड़े बेटे विनय के साथ खेत का एक चक्कर लगाया। कुछ दूर चलने पर हम आम के बगीचे में पहुंचे। अमरूद तोड़कर खाया और नींबू भी चखा।

# आर्थिक मोर्चे की दो शानदार खबरों से सशक्त होता भारत

**-: ललित गर्ग:-**

एक जून को आम चुनाव के सातवें व अंतिम चरण के चुनाव हो रहे हैं, जिसमें 57 सीटों पर मतदान चल रहा है, चुनाव से पहले कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ध्यान को लेकर विपक्ष की धमासान राजनीति हो रही है, कांग्रेस मामले को लेकर अदालत भी पहुंच गई है, इस राजनीतिक गर्मा-गर्मी के बीच मतदान से ठीक एक दिन पहले आर्थिक मोर्चे पर दो शानदार खबरें आई है, जो न केवल चौंका रही है, आश्चर्यचकित कर रही है बल्कि अपूर्व खुशी का अहसास करा रही है। भारत भूमि पर भारतीय रिजर्व बैंक के खजाने में 100 टन से कुछ ज्यादा स्वर्ण का शामिल होना सुखद और गौरवान्वित करने वाली खबर है। इसी तरह दूसरी महत्वपूर्ण खबर है पूर्व के सभी अनुमानों को ध्वस्त करते हुए देश की अर्थव्यवस्था ने 8.2 फीसदी की दर से उड़ान भरी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, पहली तिमाही अप्रैल-जून में 7.8 फीसदी, दूसरी तिमाही जुलाई-सितंबर में 7.6 प्रतिशत और तीसरी तिमाही अक्टूबर- दिसंबर में 8.6 फीसदी की दर से बढ़ी थी। इसके साथ ही पूरे वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई। जीडीपी की यह रफ्तार दुनिया के सभी विकसित एवं विकासशील देशों में सर्वाधिक है। उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति की यह तेज गति सशक्त अर्थव्यवस्था को एवं दुनिया की तीसरी आर्थिक महाताकत बनने के संकल्प को बल देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूसरे कार्यकाल की एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से ही भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में एक चमकते सितारे के रूप में उभरी है, सुदृढ़ आर्थिक विकास के सुनहरे परिदृश्य प्रस्तुत कर रही है एवं ह्लमजबूत आर्थिक विकासह्व को दर्शा रही है।

जीडीपी की शिखर की ओर बढ़ने की गति भारत के शक्तिशाली बनने का आधार है। विनिर्माण, निर्माण, लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं द्वारा प्रोत्साहित, चौथी तिमाही की 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर अर्थशास्त्रियों द्वारा लगाए गए 7.3-7.4 प्रतिशत के उच्चतम अनुमान से कहीं अधिक रही। और 8.2 प्रतिशत की पूर्ण वर्ष की वृद्धि दर आरबीआई द्वारा अनुमानित 7 प्रतिशत और एनएसओ द्वारा 2023-24 के लिए 7.6 प्रतिशत के दूसरे अग्रिम अनुमान से अधिक है। यह आंकड़ा सभी अनुमानों एवं पूर्वानुमानों से ऊपर है। जीडीपी की गति इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति देगी। यह आर्थिक विकास देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा। यह जीडीपी इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल यानी 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का विजन निश्चित ही हम हासिल करेंगे। ध्यान देने की बात है कि आजादी के बाद की अधिकतम शासन करने वाली सरकारों ने आर्थिक संकट ही खड़े किये थे। साल 1991 में जब भारत पर आर्थिक संकट आया था, तब शायद भारतीय अर्थव्यवस्था से




दुनिया के ज्यादातर देशों को विश्वास कुछ डिग गया था। मजबूरी में देश को अपना सोना विदेश भेजना पड़ा था। तब कर्ज का जाल भारी हो गया था, लेकिन आज भारत की अर्थव्यवस्था बेहतर प्रदर्शन कर रही है और कर्ज चुकाना अब समस्या नहीं है। ऐसे में, इतने बड़े पैमाने पर विदेश से सोना लाने की प्रशंसा ही की जा सकती है। मार्च के अंत तक रिजर्व बैंक के पास 822.1 टन सोना था, जिसमें से 413.8 टन विदेश में था। वास्तव में, अपना सोना किसी अन्य देश में रखने को बहुत अच्छा नहीं माना जाता है। रिजर्व बैंक शायद संदेश देना चाहता है कि भारत अब शक्तिशाली है और वह अपने सोने की हिफाजत खुद कर सकता है। आज अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर हम ब्रिटेन से आगे निकल गए हैं, तो हमें अपनी नीतियों में गरिमा के अनुरूप परिवर्तन करना ही चाहिए। वैसे, भारत की स्थिति अचानक नहीं सुधरी है। एक खास बात यह भी है कि भारत चालू वित्त वर्ष में ऐसे चंद देशों में शुमार है, जिन्होंने सोना खरीदा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने कुछ ही महीनों में 27.5 टन सोना खरीदकर अपने स्वर्ण भंडार में जमा किया है।

स्वर्ण भंडार के मामले में भारत 822.1 टन के साथ दुनिया में नौवें स्थान पर है और अमेरिका के पास सर्वाधिक 8,133 टन से ज्यादा सोना है। जर्मनी के पास 3,352 टन सोना है। उसके बाद इटली, फ्रांस, रूस, चीन (2,262 टन), स्विट्जरलैंड और जापान का स्थान है। समय के साथ सोने का भाव बढ़ता ही रहा है, बीस साल पहले जो सोना 6,307 रुपये प्रति दस ग्राम का था, वही सोना आज 73,390 रुपये प्रति 10 ग्राम का हो गया है। जाहिर है, सोने की मांग नहीं घटने वाली, पर ज्यादा से ज्यादा भारतीयों को अपनी बुद्धि, कौशल और श्रम से सोना खरीदने में सक्षम होना पड़ेगा, तभी देश के स्वर्ण भंडार की खनक-चमक बढ़ेगी। कई उच्च आवृत्ति संकेतक जैसे जीएसटी संग्रह, बिजली खपत, माल ढुलाई आंकड़े आदि संकेत देते हैं कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था लचीली और उत्साही बनी हुई है। मोदी यदि तीसरे कार्यकाल के लिये प्रधानमंत्री चुने जाते हैं तो भारत की आर्थिक विकास गति जारी रहेगी। जीडीपी एवं आर्थिक गति मूडीज, फिच, एसएंडपी, नोमुरा, रिजर्व बैंक, आईएमएफ आदि दिग्गज वित्तीय संस्थानों के अनुमानों को ठुकराते हुए नई छलांगे लगायेगी।

प्रधानमंत्री ने देश में आतंकवादी वारदातें कम होने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, सरकार के ईमानदारी और पारदर्शिता से काम करने का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए ज्यादा से ज्यादा धन खर्च किया है और 13.5 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। निश्चित ही भारत से गरीबी दूर हो रही है। उन्होंने देशवासियों को ?इस बात का अहसास कराया कि जब देश आर्थिक रूप से मजबूत होता है तो तिजोरी ही नहीं भरती बल्कि देश का सामर्थ्य भी बढ़ता है।?उन्होंने देशवासियों से परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के खिलाफ लड़ने का आह्वान भी किया क्योंकि ये गरीब, पिछड़े, आदिवासियों और दलितों का हक छीनते हैं। यह उल्लेखनीय एवं संतोष का विषय है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। ह्यइंडियन इकॉनमी- अ रिव्यूह्व में यह उम्मीद जताई गई है कि भारत 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बन जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार इस बात की गारंटी दे रहे हैं कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा। भारत फिलहाल दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। वैश्विक वित्तीय संस्थान मॉर्गन स्टेनली ने भी ऐसी ही भविष्यवाणी की थी। तमाम तरह की अनुकूलताओं एवं गुलाबी अर्थ रंगों के बावजूद हमें आर्थिक गति की बाधाओं पर भी ध्यान देना होगा। तेज विकास दर के बावजूद रोजगार के मोर्चे पर खास प्रगति नहीं हुई है। आज भी युवा बेरोजगारी का स्तर 40 फीसदी तक बताया जाता है। यह स्थिति गंभीर इसलिए भी है कि यह तेज विकास दर के फायदों को सीमित करती है। एक बड़ी चुनौती यह भी है कि निजी पूंजी निवेश में बढ़ोतरी नहीं हो रही है। श्रम-शक्ति में महिलाओं की कम भागीदारी आर्थिक ही नहीं सामाजिक और अन्य दृष्टियों से भी चिंता की बात है। इस मामले में हम पड़ोस के बांग्लादेश और पाकिस्तान से भी पीछे हैं। अर्थव्यवस्था से जुड़ी दो खबरों ने राहत की सांसें है जिससे नया भारत-सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प भी बलशाली बन सकेगा। सच्चाई यही है कि जब तक जमीनी विकास नहीं होगा, तब तक आर्थिक विकास की गति सुनिश्चित नहीं की जा सकेगी।

**प्रेषक:**
**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोन: 22727486, 9811051133**

## ये हैं फटाफट, ठकाठक, गटागट का दौर !

आज का जमाना फटाफट का जमाना है। या यूं भी कह सकते हैं कि अब ठकाठक,गटागट का जमाना है। यहां देरी करने वालों को कोई स्थान नहीं है। बेरोजगारी दूर करनी है तो फटाफट कीजिए। महंगाई दूर करनी है तो फटाफट कीजिए। काम कोई भी हो, ठकाठक ,फटाफट होना ही चाहिए। राजनीति भी इस फटाफट, ठकाठक से दूर नहीं रह गई है और राजनेता आजकल फटाफट, ठकाठक, गटागट, टकाटक जैसे शब्दों का जमकर प्रयोग कर रहे हैं और एक दूसरे को निशाना बना रहे हैं। खैर जो है सो है लेकिन हमें चिंता इस बात की है कि इस ठकाठक, गटागट, टकाटक और फटाफट के चक्कर में कोई सफेदपोश सफाचट नहीं हो जाए। वैसे, राजनेता आजकल ऐसे शब्दों का प्रयोग करके अपने भाषण में एक अच्छी राइम-स्कीम जरूर बना रहे हैं, जो कानों को सुनने में अच्छी लग रही है। ऐसे लगता है जैसे राजनेता अपने चुनावी भविष्य के लिए फटाफट, ठकाठक, गटागट और सफाचट जैसे शब्दों से सत्ता की कुर्सी के लिए कोई जानदार शानदार कविता लिख रहे हैं। वे टकाटक झूठ पर झूठ बोल रहे हैं। जनता फटाफट उनको टीवी चैनलों पर देख,सुन रही है और ठकाठक वोट भी डाल रही है। सच तो यह है कि राजनीति झमाझम झमाझम 400 के पार में उलझी हुई है। आज बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक व सामाजिक असमानता मुद्दा नहीं है। असली मुद्दा तो खटाखट वर्सेज ठकाठक का है। ठकाठक-ठकाठक झूठ पर झूठ फेंको और फटाफक फटाफट वोट लूट लो। जब तक यह व्यंग्य किसी अखबार में छपेगा तब तक खटाखट चुनावी रिजल्ट भी आ जाएंगे। हारने वाले दल फिर ईवीएम पर ठकाठक,ठकाठक करेंगे। चैनल वाले फटाफट, फटाफट ईवीएम पर डिबेट दिखायेंगे। फिर जनता के दिल भी धकाधक-धकाधक करेंगे। खैर, आजकल गर्मी भी बहुत पड़ रही है। सूरज देवता भी फटाफट,ठकाठक चमक रहे हैं।पारा धकाधक धकाधक 50 के पार। 'लू' भी ठकाठक-ठकाठक चल रही है और धरती का तापमान पचास डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। हास्पीटल मरीजों से ठमाठम-ठमाठम हो रहे हैं। डाक्टरों, हास्पीटल वालों और मेडिकल वालों की जेबें झमाझम-झमाझम हो रहीं हैं। तापमान तो इतना अधिक हो गया है कि राजस्थान के रेतीले धोरों में तो अंडे तक उबाल कर सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर दिखाए जा रहे हैं। इससे जमाजम-जमाजम लाइक्स पर लाइक्स और शेयर पर शेयर मिल रहे हैं। वैसे शेयर बाजार के साथ सोना-चांदी भी झूम बराबर झूम गीत गा रहे हैं और हवा में ठकाठक-ठकाठक खबरें लहरा रहे हैं कि 'हम भी किसी से कम नहीं।' आप खरीद सकते हैं नहीं। अजी ! आप में इतना दम नहीं। इधर ,राजधानी पानी के लिए ठकाठक-ठकाठक लड़ाई लड़ रही है। पानी हो या वोट हर तरफ ठकाठक टकाटक की प्रतिस्पर्धा है।कुछ मिलाकर, खटाखट टकाटक की राइम स्कीम हर तरफ बिखरी पड़ी हैं। सड़क से लेकर संसद तक। गली से लेकर चौबारे तक और राजनीति के हर गलियारे तक। हम सोच रहे हैं कि हम भी इस राइम स्कीम को अपनाने के साक्षी बनें। टकाटक टकाटक की राइम स्कीम सुनने पर दिल 'हूम-हूम' नहीं करता, दिल गार्डन- गार्डन हो जाता है। हम ठहरे एक छोटे-से, अदने से लेखक। हम सोच रहे हैं कि हम भी अपने नाम के आगे फटाफट-ठकाठक चिपका लें और अपने जीवन को हसीन और सुंदर बना लें। आप भी हमारे इस व्यंग्य को फटाफट ठकाठक पढ़िए और ढ़ेरों लाइक और शेयर गटागट गटागट सभी को पिला दीजिए, क्या पता आपकी फटाफट,ठकाठक से इस अदने से लेखक का भी उद्धार हो जाए और यह लेखक भी लेखन के क्षेत्र में फटाफट ठकाठक नाम कमा जाए। आपको फटाफट ठकाठक की कसम। आप हमारे इस व्यंग्य को चटाचट, चटाचट अपनी दिल और दिमाग की आंखों से पीजिए और इस व्यंग्य का मजा लीजिए। अजी ! ऐसी फटाफट ठकाठक में तो ऐसा ही व्यंग्य लिखा जाएगा जो ऐसी गर्मी में आपके दिलो-दिमाग का दही बनाएगा। इसलिए फटाफट, ठकाठक, गटागट, टकाटक के इस व्यंग्य का दही पीएं और इस पचास डिग्री सेल्सियस की तेज गर्मी में दही पीकर मजे से जीएं। तो फटाफट आप सभी को नमस्कार। गुस्ताखी माफ,जय राम जी की।

**(लेखक व्यंग्यकार हैं।)**

**सुनील कुमार महला, फ्रीलांस राइटर, कालमिस्ट व युवा साहित्यकार, उत्तराखंड।**

## पोल के बाद अब एक्जिट पोल के ढोल

**@ राकेश अचल**

भारत भी विचित्र किन्तु सत्य देश है। इस देश में हर विषय के विशेषज्ञ और भविष्यवक्ता मौजूद हैं। हाथ की लकीरें और ललाट पढ़कर भविष्य बताने वाले ही नहीं अपितु ईवीएम मशीनों में बंद मतों की गणना से पहले ही ये लोग बता सकते हैं कि कौन जीत रहा है और कौन हार रहा है। इस विज्ञान को 'एक्जिट पोल' कहा जाता है। एक्जिट पोल को मै 'पोल के बाद का ढोल' कहता हूँ। जो मजबूरन बजाया जाता है ताकि चुनावी रण में थके-हारे लोग नतीजे आने से पहले कुछ तो भांगड़ा कर लें।




लोकतंत्र की रक्षा और तानाशाही से मुक्ति के लिए हुए सात चरणों के मतदान के समाप्त होने से पहले ही इस देश में पहली बार सत्तारूढ़ दल ने 9 जून को प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के शपथ ग्रहण की तैयारियां कर लीं हैं। इन खबरों में यदि रत्ती भर भी सत्यता है तो दो ही बातें हो सकतीं हैं कि या तो सत्तारूढ़ भाजपा ने पूरे आत्मविश्वास के साथ सत्ता प्रतिष्ठान विरोधी गुस्से को शांत करने में सफलता हासिल की है या फिर दाल में काला है। यानी ईवीएम मशीनें सत्तारूढ़ दल के इशारे पर नतीजे उगलने वालीं हैं। यदि ये सही नहीं है तो कोई दल इतना उतावला कैसे हो सकता है कि वो शपथग्रहण समारोह की तैयारियां कर ले ?

जाहिर है कि चुनाव में जो मैदान में था वो जीतेगा भी और हारेगा भी। चुनाव परिणामों को लेकर हम और हमारा समाज खास तौर पर हमारा गोदी मीडिया इतना उतावला है कि इधर मतदान समाप्त होगा और उधर सभी टीवी चैनल भावी सरकार को लेकर अपना ज्ञान उगलना शुरू कर देंगे। वोटर के मन में क्या है ये भाजपा के अलावा कोई दूसरा दल नहीं जानता। अगर जानता तो क्या बात थी। वैसे भी किसके मन में क्या है , ये जानना आसान काम नहीं है ?

एक्जिट पोल सही होते हैं या गलत ये पूरा देश और इस तरह के पोल करने वाले भली-भांति न सिर्फ जानते हैं बल्कि नतीजों का रुझान बताते हुए झिझकते भी हैं। लेकिन कभी-कभी धूल में लाठी चल भी जाती है।

यकीन मानिये कि मै भी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की ही तरह एक्जिट पोल्स पर कभी ध्यान नहीं देता और अपने ज्ञान-ध्यान में लगा रहता हूं। माननीय मोदी जी भी चुनावी रैलियों और रोड शो से फारिग होकर कन्याकुमारी स्थित विवेकानन्द स्मारक शिला पर ध्यान लगाने पहुँच गए थे। विपक्ष ने उनके ध्यान को सजीव प्रसारित करने के खिलाफ केंचुआ की शरण ली थी, विपक्ष को आशंका है कि माननीय ध्यान के जरिये देश की उस जनता को भ्रमित कर सकते हैं जो कि अंतिम और सातवें चरण में मतदान करने वाली है। मुझे लगता है कि माननीय के योग=ध्यान पर ध्यान नहीं देना चाहिए। वे जो करते हैं राष्ट्रहित में करते हैं। यदि उनका और उनकी पार्टी का चुनावी गणित सही बैठता है तो उन्हें सत्ता से कोई भी हटा नहीं सकता।

याद कीजिये कि जब भाजपा 2019 के आम चुनाव में प्रति बूथ 20 नए मतदाता जोड़कर अनेक राज्यों में विपक्ष का सूपड़ा साफ कर सकती है तो 2024 के चुनाव में भाजपा प्रति बूथ 370 नए मतदाता जोड़कर 400 पार क्यों नहीं कर सकती ? भाजपा को 400 पार करने से कोई नहीं रोक सकता बल्कि उसके हर सांसद को कम से कम पांच लाख से जीत भी दिला सकता है।

कलिकाल की राजनीति में जो कामरुप है, जो जातुधान है उसकी माया की काट किसी कि पास नहीं होती शायद। ये माया अपने आप कट जाये तो और बात है। मायामृग ही युद्ध का कारण बनता है। इस चुनाव में भी सत्तारूढ़ दल सत्ता की सीता के लिए खुद ही सोने कि हिरण छोड़ रहा है और खुद ही उसका शिकार भी कर रहा है। भाजपा ने उन सभी राज्यों में जाकर शिकारगाह बनाने की कोशिश की जहाँ उसे पांव रखने की भी जगह नहीं थी। 'भाजपा दक्षिण में साफ और उत्तर में हाफ' के विपक्ष के नारे को गलत साबित करना चाहती है। इसके लिए उसने जोखिम पर जोखिम लिए है। दिखाने के लिए भाजपा ने अपनी मातृ संस्था आरएसएस से भी कन्नी काट ली है, क्योंकि भाजपा के जन्म से पहले 1977 में जो विपक्षी गठबंधन बना था वो दोहरी सदस्यता के नाम पर टूट गया था।

एक्जिट पोल कितने सच ,कितने झूठ होते हैं इसके बारे में उनके अतीत को खंगालने की जरूरत है। जहँ तक मुझे याद आता है कि भारत में आजादी के बाद दूसरे आम चुनाव के दौरान साल 1957 में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक ओपिनियन की ओर से पहली बार इसके मुखिया एरिक डी कॉस्टा ने सर्वे किया था। हालांकि, तब इसे एग्जिट पोल नहीं माना गया था। औपचारिक रूप से 1980 और 1984 में डॉक्टर प्रणय रॉय की अगुवाई में सर्वे किया गया। साल 1996 में भारत में एग्जिट पोल की शुरूआत सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज (सीएसडीएस) ने की थी। तब पत्रकार नलिनी सिंह ने दूरदर्शन के लिए एग्जिट पोल कराया था, जिसके लिए सीएसडीएस ने आंकड़े जुटाए थे. इस पोल में बताया गया था कि भाजपा लोकसभा चुनाव जीतेगी और ऐसा ही हुआ. इसी के बाद से देश में एग्जिट पोल का चलन बढ़ गया। साल 1998 में निजी न्यूज चैनल ने पहली बार एग्जिट पोल का प्रसारण किया था।

नतीजे आने कि पहले नतीजों कि आसपास पहुँचने की शुरूआत का श्रेय संयुक्त राज्य अमेरिका को जाता है। साल 1936 में सबसे पहले अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में जॉर्ज गैलप और क्लॉड रोबिंसन ने चुनावी सर्वे किया था। तब पहली बार मतदान कर निकले मतदाताओं से पूछा गया था कि उन्होंने राष्ट्रपति पद के किस उम्मीदवार को वोट दिया है ? जैसा कि मैंने पहले ही कहा की एक्जिट पोल धूल में थी चलने जैसा है । कभी -कभी ये 80 फीसदी तक सही निकलते हैं और कभी रत्ती भर भी नहीं। तो आने वाले तीन दिनों तक आप भी इस एक्जिट पोल से उड़ते हुए गुबार देखिये। अफसाने सुनिए ,हकीकत का पता तो 4 जून 2024 की दोपहर तक ही चल पायेगा।

## मतगणना में प्रतिबंधित रहेंगे मोबाइलः डीएम

### विद्युत आपूर्ति रहेगी जारी

**अखंड भारत संदेश**


मतगणना स्थल का निरीक्षण करते डीएम-एसपी।

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने लोकसभा चुनाव को सकुशल, पारदर्शी, निष्पक्ष संपन्न कराने को मतगणना स्थल राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर का निरीक्षण कर कहा कि 236 चित्रकूट विधानसभा व 237 मानिकपुर विधानसभा के मतगणना स्थल पर मतगणना को मतगणना काउंटर, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरा संचालन, पेयजल, शौचालय, कूलर, पंखे, आब्जर्वर रूम, मीडिया सेंटर, प्रकाश आदि की जानकारी ली।

शनिवार को डीएम ने एडीएम एफआर से कहा कि मतगणना स्थल में जो कार्य शेष हैं, उन्हें तत्काल पूरा करायें। चार जून को मतगणना स्थल पर किसी कर्मचारी, एजेंट व अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों तथा अन्य किसी को मोबाइल फोन लेकर प्रवेश नहीं करने दिया जायेगा। मतगणना स्थल के अंदर मोबाइल फोन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने एक्सईएन विद्युत से कहा कि मतगणना स्थल को जो विद्युत तार गई है, उसे चेक कर लें, ताकि मतगणना में किसी प्रकार का व्यवधान न हो। विद्युत आपूर्ति लगातार जारी रहेगी।

निरीक्षण दौरान एडीएम एफआर उमेशचन्द्र निगम, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, एएसडीएम सतीशचन्द्र, एक्सईएन लोनिवि प्रांतीय खंड सत्येंद्रनाथ, विद्युत दीपक सिंह, ईओ लालजी यादव आदि मौजूद रहे।

### बसपा प्रत्याशी ने तीन अधिकारियों पर पक्षपात के लगाये आरोप, मची खलबली

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी ने जिलाधिकारी समेत मुख्य निर्वाचन अधिकारी राज्य निर्वाचन आयोग व रिटर्निंग आफीसर 48 लोकसभा क्षेत्र बांदा-चित्रकूट को लोकसभा चुनाव के अन्तिम पडाव मतगणना पर लिखे पत्र में सियासी खलबली मचा दी है। कहा है कि मतगणना में कुछ अधिकारियों को अलग किया जाये, ताकि निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न हो सके।शनिवार को बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी ने जिलाधिकारी समेत निर्वाचन आयोग को लिखे पत्र में कहा कि उपायुक्त मनरेगा धर्मजीत सिंह व बीएसए लवप्रकाश यादव तथा एसडीएम सदर/एआरओ सौरभ यादव के मतगणना प्रक्रिया बाधित करने व पक्षपात की प्रबल सम्भावना जताई है। तीनों अधिकारियों को स्वतंत्र व निष्पक्ष मतगणना के मद्देनजर मतगणना प्रक्रिया से अलग करने की मांग की है। इनके स्थान पर किसी अन्य समकक्षीय अधिकारी की तैनाती की जाये।

## महिलाओं को ई-रिक्शा संचालन प्रशिक्षण हुआ समाप्त

**अखंड भारत संदेश**


ई-रिक्शा प्रशिक्षण समाप्त।

**चित्रकूट।** मिशन शक्ति योजना के तहत 125 महिलाओं का दस दिवसीय ई-रिक्शा चलाने के प्रशिक्षण समापन पर जेपी इण्टरमीडिएट कालेज कर्वी में जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी एसएल एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महेन्द्रनाथ ने किया।

शनिवार को जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी ने कहा कि ये प्रशिक्षण महिलाओं के आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभा सकता है। रोजगार के अवसर बढेंगे, धनोपार्जन कर परिवार की आर्थिक मदद कर सकती हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने कहा कि ये प्रशिक्षण सभी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनायेगा। ये सरकार की आत्मनिर्भर बनाने की अनोखी पहल है। कार्यक्रम संयोजक राकेश कुशवाहा ने प्रशिक्षण में आये अतिथियों का आभार जताया। संचालन बैजनाथ सिंह ने किया। इस मौके पर प्रशिक्षक सूर्य प्रकाश तिवारी, गौरी कुशवाहा, सीमा, रूबी, मनीषा कुशवाहा, सुधा, अर्चना समेत सभी प्रशिक्षार्थी मौजूद रहे।


बाल संरक्षण दिवस मनाते अधिकारी।

## अंतर्राष्ट्रीय बाल संरक्षण दिवस मनाया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजकीय संप्रेषण गृह किशोर में अन्तर्राष्ट्रीय बाल संरक्षण दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि जिला बाल संरक्षण अधिकारी सौरभ सिंह ने सभी संवासियों को बालकों के संरक्षण व अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शनिवार को जिला सह परिवीक्षा अधिकारी श्रीमती अंजना पोडवाल ने संवासियों को बाल श्रम की हानियों बाबत बताया। संचालन करते हुये योगाचार्य संजय कुमार ने संवासियों को बाल अधिकारों की जानकारी देने के साथ कर्तव्यों का पालन कर अनुशासन से रहने का संकल्प दिलाया। राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर के सहायक अधीक्षक वीर सिंह ने मुख्य अतिथि का आभार जताया। सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन यादव, परामर्शदाता दीपक शर्मा, केयरटेकर सुरेशचन्द्र, राहुल आदि मौजूद रहे।

## आठ सूत्रीय मांगों को लेकर मुखर हुए प्रधान

### सीएम को भेजा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**


एडीएम न्यायिक को ज्ञापन सौंपते प्रधान।

**चित्रकूट।** प्रधान संघ जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ला की अगुवाई में लामबन्द प्रधानों ने एडीएम न्यायिक राजेश कुमार को सौंपे ज्ञापन में कहा कि 15 दिसंबर 2021 को प्रदेश के प्रधानों को मुख्यमंत्री ने बुलाकर कई घोषणायें की थी। जिन पर अमल करना दूर, गांवों को प्रयोगशाला बनाकर नए-नए शासनादेश जारी कर विकास कार्यों में अवरोध पैदा किया जा रहा है।

शनिवार को प्रधान संघ जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ला की अगुवाई में प्रधानों का जत्था कलेक्ट्रेट पहुंचा। यहां एडीएम न्यायिक राजेश कुमार को सौंपे ज्ञापन में कहा कि तीसरी सरकार के निर्वाचित प्रतिनिधियों में सरकार के प्रति असंतोष बढ़ रहा है, जिसे रोकना आवश्यक है। सहायक सचिव कम डाटा एंट्री ऑपरेटर, शौचालय केयरटेकर, प्रधान के मानदेय की व्यवस्था राज्य सरकार ने अलग से करने का वायदा किया था। तत्काल अमल कर रजिस्टर्ड डिप्लोमा होल्डर अथवा जिले में नियुक्त तकनीकी सहायक से स्टीमेट बनवाने की छूट का प्राविधान का भरोसा दिया था। इस पर अमल किया जाये। प्रधानों, बीडीसी व डीडीसी की सहभागिता में पंचायतों से जुड़ी समस्याओं के समाधान को जिला स्तर पर माह में एक बार डीएम-एसपी की अध्यक्षता में पंचायत दिवस मनाने का वायदा किया था। यथाशीघ्र क्रियान्वयन किया जाये। जिला योजना समिति में प्रधानों को प्रतिनिधित्व देने का वायदा किया था। अभिनव प्रयोग करते हुए निदेशक पंचायतीराज ने मानदेय पर नियुक्त अप्रशिक्षित पंचायत सहायक/एकाउंटेंट कम डाटा एंट्री आपरेटर को पंचायत गेट-वे साफ्टवेयर को एकीकृत करते हुए पंजीकृत मोबाइल से पंचायत सचिवालय में स्थापित कम्प्यूटर सिस्टम से भुगतान को अधिकृत कर दिया गया। बिना किसी तकनीकी प्रशिक्षण व क्षमता आंकलन किये, उन्हें सत्यापन का अधिकार दे दिया गया है। विकास कार्य में बाधक अव्यवहारिक आदेश को वापस लिया जाए। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष कर्वी विष्णुकांत पांडेय, गोविंद निषाद, प्रदीप सिंह, कमल यादव, लवलेश निषाद, निहारिका सिंह, विक्की सिंह, विपिन मिश्रा, विनोद त्रिपाठी, बीटू शुक्ला, हेम सिंह, विद्यासागर, प्रमोद कुमार, धीरेन्द्र कुमार, अरिमर्दन सिंह, जहूर अली, यूसुफ अली आदि मौजूद रहे।

### प्रधानों की मांगें......

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** 237 रुपये रोजाना की मजदूरी पर मजदूर काम करने को तैयार नहीं है। इसे बढ़ाकर चार सौ रुपये प्रतिदिन किया जाए। वर्ष 1993 में पारित 73वें संविधान संशोधन विधेयक के तहत 29 विषय व उनसे जुड़े अधिकार, कोष, कार्य व पंचायत कर्मियों को पंचायतों को सौंपकर सत्ता विकेंद्रीकरण की आदर्श व्यवस्था लागू की जाये। राज्यवित्त आयोग व प्रशासनिक सुधार आयोग की समस्त प्रमुख सिफारिशों को उत्तर प्रदेश में लागू किया जाये। प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों व जिला पंचायत सदस्यों की सुरक्षा को शस्त्र लाइसेंस जारी करने में प्राथमिकता दी जाये। प्रधानों व सभी त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करने से पूर्व उपनिदेशक पंचायतीराज से अनुमति का प्राविधान किया जाये। बिना शपथ पत्र के प्रधानों की जांच न करायी जाये। झूंठी शिकायत मिलने पर शिकायतकर्ता के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अनिवार्य की जाये। गांव के विकास को सरकार टैक्स आदि से प्राप्त राजस्व का 70 फीसदी ग्राम पंचायतों को दिया जाये। पंचायत से जुड़े राजस्वकर्मी, पंचायतकर्मी, आंगनबाड़ी, राशन कोटेदार व प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों की उपस्थिति कार्य प्रमाणन, निलंबन की संस्तुति समेत सभी मामलों में पंचायतों को पूर्ण अधिकार दिया जाये।

## कर्वी शहर में चला बाल श्रम उन्मूलन अभियान, 30 जून तक चलेगा अभियान

**अखंड भारत संदेश**


अभियान चलाते अधिकारी।

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर बाल श्रम उन्मूलन बाबत जारी अभियान में लेबर इंस्पेक्टर राजेश द्विवेदी, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति राकेश माथुर, बाल संरक्षण अधिकारी सौरभ सिंह, बाल कल्याण समिति के राजेश दुबे, हिमांशी चतुर्वेदी, थानाध्यक्ष जीआरपी विवेक शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक थाना एएचटीयू संजीव कुमार, दरोगा दुर्ग विजय सिंह, सदानंद सिंह ने रेलवे स्टेशन व आसपास के होटल/दुकानों पर काम कर रहे छोटे बच्चों बाबत जानकारी ली। शनिवार को पुलिस टीम के साथ बाल संरक्षण अधिकारी आदि ने पुरुषोत्तम दास गुप्ता किराना दुकान रेलवे स्टेशन रोड से शुभम (16) पुत्र कमलेश मिशन अस्पताल एलआईसी को काम करते पाया। इस बाबत लेबर इंस्पेक्टर ने कार्यवाही की। अन्य कहीं पर कोई बच्चा कार्य करता नहीं मिला। इस बाबत रेलवे स्टेशन व आसपास के लोगों को जागरुक किया कि किसी बच्चे से काम न करायें। नाबालिग बच्चे काम करते पाये जाने पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि बच्चों को मजदूरी में न रखें। कर्मचारियों के नाम, उम्र, फोटो, पहचान पत्र, पता आदि रखें। जिले में संचालित सभी प्रतिष्ठान जहां मानव श्रम होता है। ऐसे स्थानों पर एक जून से तीस जून तक विशेष अभियान चलाकर जांच की जायेगी। इसकी शुरुआत आज रेलवे स्टेशन से की गई है। ढाबा, होटल, दुकानों में छापामार कार्यवाही कर आवश्यक जांच की जायेगी। जहां कहीं 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे काम करते मिलेंगे, उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। ये अभियान 30 जून तक जारी रहेगा।

## महाविद्यालय मे एक जुलाई तक चलेंगी परीक्षायें

**अखंड भारत संदेश**


परीक्षा देते छात्र-छात्रायें।

**मऊ/चित्रकूट।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी की परीक्षायें महामति प्राणनाथ महाविद्यालय मऊ में 25 मई से प्रथम पाली सात से नौ बजे तक, द्वितीय पाली साढे दस से साढे 12 तक व तृतीय पाली की परीक्षा अपरान्ह दो से शाम चार बजे तक भीषण गर्मी में चल रही हैं।

नोडल केंद्र पर महाविद्यालय के साथ सीपी गौतम महाविद्यालय तेंदुवा खुर्द रामनगर के छात्र-छात्राओं की भी परीक्षायें हो रही हैं। इस केंद्र के विश्वविद्यालय के उडाका दल व एसडीएम मऊ राकेश कुमार पाठक ने परीक्षाओं का औचक निरीक्षण किया है। नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने को महाविद्यालय विख्यात है।

शनिवार को ये परीक्षा वरिष्ठ केंद्राध्यक्ष/प्राचार्य डॉ एसके चतुर्वेदी व परीक्षा प्रभारी डॉ एस कुरील के संचालन मे हो रही हैं। ये परीक्षा एक जुलाई तक चलेंगी।

## 13 की लोक अदालत में सुलह से हल हों मामलेः जिला जज

**अखंड भारत संदेश**


बैठक करते जिला जज।

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने को शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष/ जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने नोडल अधिकारियों की बैठक ली।

शनिवार को जनपद न्यायालय में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला जज विकास कुमार प्रथम ने कहा कि 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मुकदमों को सुलह-समझौते से निस्तारित कराया जाये। सुलह पर वाद निस्तारित होने से दोनों पक्षों में से किसी की हार नहीं होती। हमेशा के लिए विवाद समाप्त हो जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव/अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को निरंतर प्री-ट्रायल बैठकें हो रही हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी विशेष न्यायाधीश राममणि पाठक ने कहा कि सुलह योग्य वादों को चिन्हित कर लिया जाये। सम्बन्धित वादकारियों को नोटिस भेजा जाये। नोटिस व सम्मन सम्बन्धित थानों के पुलिस कर्मी समय से तामीला कराने पर ध्यान दें। इस मौके पर अपर जिला जज अनुराग कुरील, नीरज श्रीवास्तव, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, एसडीएम मो जसीम, सीओ सिटी राजकमल, अग्रणी बैंक प्रबंधक तुलसीराम आदि मौजूद रहे।

### चोरी में दो वर्ष की सजा-जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह व पैरोकार वेदांत पाण्डेय ने न्यायालय से चोरी के आरोपी को दो वर्ष की सजा व पांच हजार रुपये के जुर्माना से दंडित कराया। शनिवार को मॉनिटरिंग सेल प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला व सहायक शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम अनुराग कुरील ने कोतवाली कर्वी में दर्ज चोरी के आरोपी शारदा प्रसाद उर्फ कल्लू पुत्र विनोद उपाध्याय बूढ़ा सेमरवार को दो वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया। ज्ञात है कि चार सितम्बर 2021 को कोतवाली कर्वी में अविनाश कुमार पुत्र रामभरोसा कछार पुरवा कोलगदहिया ने रिपोर्ट लिखाई थी कि उसका मोबाइल फोन अज्ञात ने चुरा लिया है। मामला दर्जकर विवेचना तत्कालीन दरोगा चन्द्रमणि पाण्डेय ने की। आठ सितम्बर 2021 को विवेचना से शारदा प्रसाद उर्फ कल्लू को चोरी के नौ मोबाइल समेत गिरफ्तार किया था। चोरी का मोबाइल बरामदगी पर धारायें बढाई थी। विवेचक ने चार दिसम्बर 2021 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था।

## हीटवेब-लू से दो दिन में चार मौत, 24 से ज्यादा लोग भर्ती, घरों से बाहर निकलना हुआ मुश्किल

**अखंड भारत संदेश**



अस्पताल में मरीजों की भीड।

**चित्रकूट।** गर्मी और गर्म हवाओं के थपेड़ों से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। यहां हीटवेब व लू लगने से दो दिन में चार लोगों की मौत हुई है, जबकि 24 से ज्यादा लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लगातार मौसम का पारा बढ़ने से लोग चिंतित हैं। गर्मी से लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है।

शुक्रवार की शाम मानिकपुर के सुभाषनगर के होटल में हलवाई विजय कुमार (60) ट्रेन से बांदा गये थे। बस से घर लौट रहे थे। भीषण गर्मी के चलते शर्ट उतारकर खड़ी बस के बाहर घूमने लगे। बस मानिकपुर को रवाना हुई तो वह बस की सीट पर बैठ गया। मानिकपुर पहुंचने पर सभी यात्री उतर गये, विजय कुमार नहीं उतरा। ये देख चालक ने उठाने को हाथ लगाया तो वह गिर गया, उसकी मौत हो गई। अफरा-तफरी मच गई। परिजनों को सूचना दी गई। बड़े भाई ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि लू लगने से मौत हुई है।

राजापुर तहसील क्षेत्र के रेड़ीभुसौली गांव के शिव लोचन (56) पुत्र रामबहादुर गुरुवार को छोटे भाई दर्शनलाल के साथ आम के बगीचे की रखवाली कर रहे थे। अचानक लू लगने से मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। भतीजे रामेन्द्र कुमार ने बताया कि हीटवेब से मौत हुई है। परिवार में पत्नी, दो पुत्र व एक पुत्री है।

जिला मुख्यालय के तरौंहा के राजेश (45) पुत्र दुलीचन्द्र गुरुवार को पड़ोसी शिव पुत्र दीवान की मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार में शामिल होने गये थे। आते समय अचानक गश खाकर गिर गये। परिजन जिला अस्पताल ले गए। डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बेटे नकुल ने बताया कि दोपहर में अंतिम संस्कार दौरान नहाते समय अचानक लू लग गई थी।

शहर के चकरेही चैराहे के संतोष कुमार (63) पुत्र कल्लू गुरुवार की दोपहर घर में पंखा के पास बैठा था। गर्म हवाओं के लगातार संपर्क में रहने से लू लग गई। पत्नी गायत्री ने बताया कि वह ड्यूटी पर थी। बेटी का फोन आने पर पति को अस्पताल ले गई। डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिवार में पांच पुत्री व एक पुत्र है।

### बुंदेलखंड विवि कुलपति का फैसला अतार्किक, भीषण गर्मी में न करायें परीक्षायें

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** भीषण गर्मी से जहां आम जनजीवन अस्त-व्यस्त है, वहीं बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति के तानाशाही फरमान से भीषण लू में बच्चों की परीक्षायें चल रही हैं। हीटवेब के भीषण तपती दोपहरी में जहां अच्छे-अच्छों की हिम्मत नहीं पड़ती, वहां मजबूरी में छात्र-छात्रायें गर्मी में पेपर देने को मजबूर हैं। शनिवार को भीषण गर्मी में भी परीक्षा दे रहे बच्चे बीमार हो रहे हैं। उनके स्वास्थ्य की चिंता अभिभावकों को सता रही है। छात्रायें जहां बीस किमी से साइकिल से सफर तय कर चिलचिलाती धूप में परीक्षा देने आती हैं। वहीं छात्रों का सेंटर बरगढ़ व राजापुर होने से उन्हें और दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

परीक्षा कहीं छात्रों पर भारी न पड़ जाये कि इससे पहले विश्वविद्यालय प्रशासन संज्ञान ले। छात्रहित में परीक्षाओं को स्थगित किया जाये। वातानुकूलित कमरों में बैठकर ठंडक का एहसास करने वाले जिम्मेदारों को ये सोचना चाहिए कि जब रिकार्ड तोड तपती दोपहरी में जनजीवन ठहरा हुआ है, तो ऐसे में बच्चों की परीक्षायें करवाना गैर जिम्मेदाराना बर्ताव साबित हो रहा है। बच्चों ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति से मांग की है कि बची हुई परीक्षाओं की डेट आगे बढाई जाये, परीक्षा स्थगित की जाये। महामती प्राणनाथ महाविद्यालय मऊ के प्राचार्य डॉ संतोष चतुर्वेदी ने इस बाबत बताया कि तपते मौसम में शिक्षकों व छात्रों के लिए 45 दिन का अवकाश किया जाता था, विश्वविद्यालय ने भीषण गर्मी में परीक्षा करवाना अतार्किक है। किसी भी प्रकार से न्यायसंगत नहीं है। भीषण गर्मी के चलते दूर-दराज से परीक्षा देने आ रहे छात्र-छात्राओं की तबियत खराब हो रही है। ऐसी स्थिति में परीक्षाओं को स्थगित करना चाहिए। विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रहित में अपने निर्णय पर पुनः विचार करें, ताकि छात्रों को रिकार्ड तोड गर्मी के बीच सहूलियत मिल सके।

# नेपाल में प्रचंड से ओली नाराज, सहयोगी दलों से बिना सलाह के ही बजट लाने का आरोप



**काठमांडू।** नेपाल में सीपीएन (एमसी) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन के घटक दलों का कोई न कोई विवाद हर रोज सामने आने लगा है। सत्तारूढ़ दल के एक वरिष्ठ नेता के विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल होने की खबर आती है तो कभी संसदीय समिति के गठन को लेकर विवाद की बात सुर्खियां बन जाती हैं।

ताजा विवाद सत्तारूढ़ गठबंधन के घटक दल सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली के एक बयान के बाद सामने आया है। ओली ने हाल में पेश किए गए आम बजट को लेकर प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' पर अपनी नाराजगी सार्वजनिक रूप से जाहिर की है। ओली ने शनिवार को काठमांडू में आयोजत एक कार्यक्रम में कहा कि सरकार की तरफ से बजट को लेकर घटक दलों के साथ कोई विचार-विमर्श नहीं किया गया। उन्होंने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि बजट पर क्या अच्छा है और क्या बुरा, इस बात का विश्लेषण तो बाद में होगा लेकिन सबसे अहम बात यह है कि गठबंधन सरकार होने के बावजूद सबसे बडे.दल के नेता के रूप में बजट पर ना तो मुझसे और ना मेरी पार्टी के किसी भी साथी से कोई विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि गठबंधन में कोई भी दल गठबंधन धर्म का निर्वाह नहीं कर रहा है।

माधव कुमार नेपाल का उल्लेख किए बिना ओली ने कहा कि सत्ताधारी एक दल का अध्यक्ष ही जब विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल होने लगे तो इस गठबंधन का क्या काम? ओली ने कहा कि इस तरह से गठबंधन आगे नहीं बढ़ सकता है। इस विषय पर गठबंधन की बैठक में गम्भीरता से चर्चा करने की आवश्यकता है। सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद संसद की तीसरी बड़ी पार्टी के नेता को प्रधानमंत्री स्वीकार कर गठबंधन को लंबे समय तक चलाने की सोच को धक्का लगा है।

उल्लेखनीय है कि नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में प्रधानमंत्री प्रचंड की पार्टी सीपीएन (एमसी) के 32 सदस्य, ओली की पार्टी सीपीएन (यूएमएल) के 79 सदस्य और आरएसपी के 21 सदस्य हैं, जबकि मुख्य विपक्षी नेपाली कांग्रेस के सदस्यों की संख्या 88 है।

# चीन ने थाइवान पर अमेरिकी रक्षा मंत्री की टिप्पणी का जवाब दिया



**बीजिंग।** अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने 'इंडो-पैसिफिक रणनीति' और थाइवान से संबंधित मुद्दों के बारे में बात करते हुए शांगरी-ला संवाद बैठक को अमेरिका के लिए एक 'शो' के रूप में माना। इसके प्रति चीन ने जवाब दिया।

चीन ने कहा कि 'इंडो-पैसिफिक रणनीति' का कोई भविष्य नहीं है। यह रणनीति मूलतः विभाजन पैदा करने, टकराव भड़काने और स्थिरता को कमजोर करने की एक रणनीति है, जो पूरी तरह से इतिहास की प्रवृत्ति के विपरीत है। यह केवल अमेरिका के भूराजनीतिक स्वार्थों के लिए सेवा करती है और इसका कोई भविष्य नहीं होगा।

चीन ने कहा कि थाइवान मुद्दा चीन-अमेरिका संबंधों में सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुख्य मुद्दा है। चीन और अमेरिका के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के लिए पूर्व शर्त यह थी कि अमेरिका थाइवान के साथ राजनयिक संबंध तोड़ दे, संधि को रद्द कर दे और अपने सैनिकों को वापस ले ले।

हाल के कई वर्षों में, अमेरिका ने अपनी प्रतिबद्धताओं को तोड़ दिया है और एक-चीन सिद्धांत को त्याग दिया है। अमेरिका थाइवान को 'स्वतंत्रता' हासिल करने में मदद करता है, थाइवान को हथियार देता है और थाइवान जलडमरूमध्य की स्थिरता को बर्बाद करता है।

चीन ने कहा कि चीनी जन मुक्ति सेना थाइवान को कभी भी चीन से अलग नहीं होने देगी।

## भारत-रूस संबंधों को लेकर चीन क्यों असुरक्षित महसूस कर रहा? जानिए क्या कहते हैं एक्सपर्ट -



**नई दिल्ली:** रूस-यूक्रेन संघर्ष की शुरूआत के बाद से भारत के अंदर और बाहर दोनों जगह यह बहस चल रही है कि क्या बढ़ते चीन-रूस संबंध पारंपरिक रूस-भारत मित्रता में बाधा डालेंगे और भारत के राष्ट्रीय हित को नुकसान पहुंचाएंगे. जिससे यह चीन के बढ़ने के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाएगा.

एक एक्सपर्ट की राय है कि रूस-चीन गठजोड़ रूस-भारत संबंधों में कोई बदलाव या प्रभाव नहीं डालेगा. उन्होंने कहा कि 'भारत-रूस संबंध चट्टान की तरह ठोस हैं और एक समय-परीक्षणित संबंध हैं जो किसी अन्य तीसरे देश से प्रभावित नहीं हो सकते हैं।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की हालिया चीन यात्रा ने नई दिल्ली में आशंका पैदा कर दी है. भारत से अपनी रणनीतिक प्राथमिकताओं को रूस से दूर रखने की मांग करने वाली आवाजें तेज हो रही हैं. हालांकि, चीन, रूस और भारत के बीच शक्ति त्रिकोण में, चीन के पास भारत-रूस के मजबूत और गहरे संबंधों को स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

ईटीवी भारत से बात करते हुए नई दिल्ली स्थित राजनीतिक आर्थिक विशेषज्ञ डॉ. श्रीकमल दत्ता ने कहा, 'भारत चीन और रूस के बीच त्रिकोणीय गतिशीलता संभव नहीं है क्योंकि भारत और चीन में ऐतिहासिक समस्याएं हैं जिनके लिए चीन पूरी तरह से जिम्मेदार है. जब तक चीन ऐसा नहीं करता भारत के खिलाफ अपने सैन्य आक्रामक रुख को रोकना संभव नहीं है।

दत्ता ने टिप्पणी की, 'भारत-चीन संबंधों को सामान्य बनाने के लिए चीन को अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र अक्साई चिन यानी अक्साई हिंद को वापस करना होगा और भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश पर अपने बेतुके दावों को रोकना होगा. रूस के साथ हमारे संबंध टाइम टेस्टेड और ठोस हैं और भविष्य में इसमें और वृद्धि होगी. अगर चीन अरुणाचल प्रदेश पर दावा करता रहा तो भारत भी तिब्बत पर अपना विस्तारित सांस्कृतिक क्षेत्र होने का दावा कर सकता है और शिनजियांग की कब्जा की गई जमीन को भी स्वतंत्र देश घोषित कर सकता है.'

उन्होंने कहा कि 'रूस-चीन गठबंधन किसी भी तरह से रूस-भारत संबंधों में बदलाव या प्रभाव नहीं डालेगा. भारत रूस के रिश्ते चट्टान की तरह मजबूत हैं और समय की कसौटी पर खरे उतरे रिश्ते हैं जिन पर किसी तीसरे देश का असर नहीं हो सकता.'

गौरतलब है कि जून 2023 में चीन और कुछ अन्य जी 20 सदस्य देशों ने कश्मीर में भारत द्वारा आयोजित ॠ20 पर्यटन शिखर सम्मेलन का बहिष्कार किया था. रूस ने बहिष्कार के बावजूद शिखर सम्मेलन में भाग लिया, जिसने चीन का ध्यान आकर्षित किया. अगस्त 2023 के मध्य में रिपोर्टें सामने आईं कि रूस निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भारत को ₹400 मिसाइल रक्षा प्रणाली सौंप देगा, जिससे चीन में सार्वजनिक आक्रोश फैल गया और चीन-रूस दोस्ती की ताकत पर सवाल उठने लगे.

**रिश्ते पर किसी भी तरह का असर नहीं :** एक्सपर्ट ने आगे बताया कि राष्ट्रपति पुतिन की चीन यात्रा दो देशों के बीच द्विपक्षीय यात्रा है और इसका भारत के साथ रूस के रिश्ते पर किसी भी तरह का असर नहीं पड़ेगा. इसके अलावा, राष्ट्रपति पुतिन के भारतीय प्रधानमंत्री मोदी के साथ बहुत सौहार्दपूर्ण और मजबूत व्यक्तिगत संबंध हैं.

दत्ता ने कहा कि 'राष्ट्रपति पुतिन के चीन दौरे का भारत के साथ रूस के रिश्तों पर कोई असर नहीं पड़ेगा. चीन निश्चित रूप से भारत और रूस के बीच मजबूत समय-परीक्षित संबंधों को लेकर बहुत चिंतित है. चीन के साथ समस्या यह है कि एक राष्ट्र के रूप में उस पर कोई अन्य देश भरोसा नहीं कर सकता. चीन हर देश पर हमेशा अविश्वास रखता है. समस्या यहीं है- प्रत्येक राष्ट्र द्वारा चीन के प्रति अविश्वास। चीन इस बात को पूरी तरह से समझता है कि रूस-भारत संबंधों में किसी भी तरह की गिरावट के कारण चीनी हस्तक्षेप के कारण भारत द्वारा रूसी हथियारों की खरीद में कमी आने से भारत अमेरिका या अन्य पश्चिमी देशों से और अधिक हथियार मांगने के लिए प्रेरित होगा. इससे भारत और पश्चिम के बीच गठबंधन काफी मजबूत हो जाएगा, जिससे चीन के हितों को सीधा खतरा पैदा होगा।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# नेपाल में दरबार हत्याकांड के 23 वर्ष बाद भी हैं कई अनुत्तरित सवाल



**काठमांडू।** नेपाल के शाही परिवार में हुए सामूहिक हत्याकांड के 23 वर्ष पूरे हो रहे हैं लेकिन आज भी इससे जुड़े कई सवाल अनुत्तरित रह गए हैं।

एक जून, 2001 को काठमांडू के नारायणहिटी राजदरबार में हर शुक्रवार की तरह उस दिन भी रात्रिभोज का आयोजन किया गया था। इस बार का आयोजन युवराज दीपेन्द्र वीर विक्रम शाह के महल में किया गया था। इस भोज के लिए तत्कालीन राजा बीरेन्द्र वीर विक्रम शाह, रानी ऐश्वर्या राज्यलक्ष्मी शाह, अधिराज कुमारी श्रुति, पूरे परिवार के साथ, अधिराजकुमार निराजन, पूर्व राजा ज्ञानेंद्र के अलावा उनकी पत्नी कोमल, उनके बेटे पारस, बहु हिमानी, उनकी बेटियां आदि मौजूद थे। रात करीब 9 बजे पूरे राजपरिवार के हत्याकांड की खबरे छन-छन कर बाहर आने लगी। देर रात पूरे राजपरिवार के मारे जाने की खबर की पुष्टि हो गई। पूरा देश सदमें में चला गया। इस हत्याकांड के युवराज दीपेन्द्र के द्वारा अंजाम दिए जाने बात सामने आई लेकिन इस पर जनता को आज भी भरोसा नहीं हो रहा है। लोगों का तर्क है कि एक युवराज अपने ही मां-बाप, भाई-बहन की हत्या कैसे कर सकता है? अगर इनकी दुश्मनी या गुस्सा अपने पिता या माता से था फिर अपनी बहन और छोटे भाई को क्यों मारा? अगर इनको भी मार दिया तो यह एक बार को मान भी लिया जाए तो फिर उसने अपने नाबालिग भांजे-भांजियों की जान क्यों ली?

उस समय यह भी कहानी बताई गई कि अपने पूरे परिवार को गोलियों से भून कर खत्म करने वाले दीपेन्द्र ने आत्महत्या कर ली। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में यह लिखा है कि दीपेन्द्र को पीठ में गोली लगी थी। अगर कोई व्यक्ति आत्महत्या करता है तो वह अपनी पीठ में गोली मारेगा या कनपटी पर? पहले जिन डाक्टरों ने उनके पीठ में गोली लगने की बात कहकर इलाज की थी उन्हीं डाक्टरों ने चार दिन बाद बताया कि उनके सिर में गोली लगने से उनकी मौत हो गई। गोली उनके बाईं कनपटी पर लगी थी जबकि युवराज दीपेन्द्र दाहिने हाथ से काम करते थे तो फिर उन्होंने खुद को बाईं हाथ से कैसे गोली मारी होगी?

इनमें सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि वहां मौजूद एक भी शाही परिवार का सदस्य नहीं बचा। यानी कि राजा बीरेन्द्र के परिवार के सभी सदस्य मारे गए। यहां तक कि छोटे बच्चे भी उस परिवार के नहीं बचे। वहां मौजूद बीरेन्द्र के छोटे भाई धीरेन्द्र की पत्नी, उनके बेटे-बेटियां भी नहीं बच सके। सब के सब मारे गए लेकिन आश्चर्यजनक ढंग से उसी स्थान पर मौजूद ज्ञानेन्द्र की पत्नी, उनके बेटे पारस, बहु हिमानी, इनके तीन बच्चे, इनकी बेटियां एवं दामाद में से किसी को खरोंच तक नहीं आई। सभी राजपरिवार के सदस्यों की अनिवार्य उपस्थिति वाले इस भोज में आखिर ज्ञानेन्द्र क्यों नहीं पहुंचे?

ऐसे कई सवाल हैं जो आज भी अनुत्तरित हैं। आखिर पूरे परिवार की हत्या के बाद किसी भी सदस्य का पोस्ट मार्टम क्यों नहीं कराया गया? दरबार से सबसे पास में रहे बीर अस्पताल में इलाज कराने के बदले 8 किमी दूर आर्मी कैंट के अस्पताल तक ले जाने का फैसला किसका था? डाक्टरों ने कभी कोई आवश्यक जवाब क्यों नहीं दिया? ज्ञानेन्द्र के परिवार के सभी सदस्यों के वहीं मौजूद रहने के बाद भी उनके परिवार को खरोंच तक क्यों नहीं आया? राजदरबार के ठीक सामने रहे अमेरिकी दूतावास में हलचल तेज रहने की जानकारी क्यों नहीं ली गई? इस हत्याकांड से ठीक पहले ही राजदरबार की पूरी सुरक्षा टीम क्यों बदल दी गई? सबसे महत्वपूर्ण बात उस समय अमेरिकी दूतावास के सीआईए के स्टेशन चीफ ने रिटायरमेंट के बाद किताब में इस बात का खुलासा किया था कि आखिर अमेरिका ने कैसे इस हत्याकांड को अंजाम दिया। इस पुस्तक के बिक्री-वितरण पर पूरे विश्व में क्यों रोक लगा दी गई?

## नेपाल में कई जगहों पर 4 जून को भाजपा की जीत का जश्न मनाने की तैयारी

**काठमांडू।** भारत में लोकसभा चुनाव के मतों की गिनती 04 जून को होनी है। नतीजे भी उसी दिन आ जाएंगे। भाजपा और नरेन्द्र मोदी की जीत सुनिश्चित मान कर अभी से पड़ोसी देश नेपाल में जश्न मनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मतगणना वाले दिन देश के कई हिस्सों में अलग-अलग कार्यक्रम रखे गए हैं। फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी ने काठमांडू में चार जून को रात्रिभोज का आयोजन किया है। इसमें नेपाल के प्रधानमंत्री, कई मंत्रियों, सभी राजनीतिक दल के शीर्ष नेताओं, सांसदों, सेना और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों, पूर्व न्यायाधीश, सामाजिक कार्यकर्ता, फिल्मी सितारों सहित कई देशों के राजनियों को आमंत्रित किया गया है। इसी तरह नेपाल के लगभग सभी बडे.शहरों में चार जून की शाम को कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। बीरगंज, जनकपुर, विराटनगर, नेपालगंज, भैरहवा में शाम को मोदी की जीत की खुशी में विजय जुलूस निकालने की तैयारी है। कई स्थानीय सांसदों ने मिठाई बंटवाने की योजना बनाई है। बीरगंज और मटिहानी तक के मेयर ने अपने शहर के चौक-चौराहों पर लड्डू बंटवाने की बात कही है।

## युद्ध अनिश्चित काल तक जारी नहीं रह सकता : चीन



**बीजिंग।** पेइचिंग में चीन-अरब देश सहयोग मंच के 10वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में 'फिलिस्तीन के मुद्दे पर चीन और अरब देशों के बीच संयुक्त वक्तव्य' जारी किया गया। यह न्याय की आवाज है जो गाजा पट्टी में संघर्ष के शीघ्र अंत और फिलिस्तीन मुद्दे के व्यापक, निष्पक्ष और स्थायी समाधान को बढ़ावा देती है।

गत साल अक्टूबर से फिलिस्तीन-इजरायल संघर्ष तीव्रता से गंभीर हो गया है, जिससे गाजा पट्टी में अब तक 1.25 लाख फिलिस्तीनी नागरिक मारे गए और घायल हुए हैं, और लाखों लोग बेघर हुए हैं।

हाल ही में दक्षिणी गाजा के राफा में कई शरणार्थी शिविरों पर इजरायल द्वारा एक के बाद एक हमले किए गए, जिसमें दर्जनों निर्दोष नागरिकों की मौत हो गई, जिससे एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय सदमे में है।

फिलिस्तीन-इजरायल स्थिति नियंत्रण से बाहर होने की पृष्ठभूमि में चीन-अरब देश सहयोग मंच के 10वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन ने फिलिस्तीनी लोगों को उनके वैध राष्ट्रीय अधिकारों को बहाल करने में दृढ़ता से समर्थन देने के लिए सबसे मजबूत आह्वान जारी किया, जिसने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का बहुत ध्यान आकर्षित किया है।

इस सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में अपने मुख्य भाषण में चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कहा कि युद्ध अनिश्चित काल तक जारी नहीं रह सकता, न्याय स्थायी रूप से अनुपस्थित नहीं रह सकता और 'दो-राज्य समाधान' को मनमाने ढंग से डगमगाया नहीं जा सकता।

# भारत में हिरासत में लिए गए 4 आईएसआईएस संदिग्धों का हैंडलर श्रीलंका में गिरफ्तार -



**कोलंबो :** श्रीलंकाई पुलिस ने अपने उन चार नागरिकों के संदिग्ध हैंडलर को गिरफ्तार कर लिया है जिन्हें प्रतिबंधित इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) संगठन के साथ कथित संबंधों के आरोप में भारत के अहमदाबाद हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया था.

आपराधिक जांच विभाग ने शुक्रवार को 46 वर्षीय पुष्पराज उस्मान को कोलंबो में गिरफ्तार किया. श्रीलंका पुलिस ने हाल ही में उसके ठिकाने के बारे में किसी भी विश्वसनीय जानकारी देने के लिए 20 लाख रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की थी. पुलिस ने एक वांछित नोटिस और जनता से जानकारी मांगते हुए एक वीडियो जारी किया था। पुलिस ने कहा कि सीआईडी ने उसे गिरफ्तार कर लिया और माना जाता है कि उसने अहमदाबाद हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किए गए चार लोगों से टेलीफोन पर संपर्क किया था. गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते ने अहमदाबाद हवाई अड्डे पर आईएसआईएस से संबंध रखने वाले चार श्रीलंकाई लोगों को गिरफ्तार किया था. चारों लोगों ने 19 मई को कोलंबो से चेन्नई के लिए इंडिगो की उड़ान ली थी. अब तक की जांच पर टिप्पणी करते हुए पुलिस प्रवक्ता निहाल थल्दुवा ने कहा कि पुलिस अभी तक यह सत्यापित नहीं कर पाई है कि चारों आईएसआईएस से जुड़े हुए हैं या नहीं. उन्होंने कहा कि 'क्या उन्होंने श्रीलंका में आईएसआईएस विचारधारा को बढ़ावा दिया था, यह अभी तक स्थापित नहीं हुआ है.। पिछले महीने गुजरात में गिरफ्तार किए गए चार श्रीलंकाई लोगों की जांच के लिए श्रीलंकाई अधिकारियों ने एक उच्च स्तरीय अभियान चलाया. अधिकारियों का कहना है कि वे 2019 ईस्टर रविवार के हमले के बाद द्वीप पर संभावित आईएसआईएस गतिविधियों को लेकर कोई जोखिम नहीं लेंगे, जिसमें 270 से अधिक लोग मारे गए थे. जांच इस बात पर केंद्रित है कि क्या हमले को अंजाम देने वाले स्थानीय जिहादी समूह का उस समय आईएसआईएस के साथ संबंध था. ये गिरफ्तार किए गए थे : गुजरात में गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में से मोहम्मद नुसरत एक व्यवसायी है जो सिंगापुर, मलेशिया और दुबई जैसे देशों से दूरसंचार उपकरणों और विद्युत उपकरणों के आयात में शामिल है. नुसरत ने कोलंबो के भीतर काम किया, जहां उसने इन आयातित सामानों को बेचा.

गिरफ्तार किए गए 27 वर्षीय मोहम्मद नफरान की पहचान कुख्यात अंडरवर्ल्ड अपराधी नियास नौफर उर्फ ??'पोट्टा नौफर' की पहली पत्नी के बेटे के रूप में की गई है, जिसे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सरथ अंबेपिटिया की हत्या के लिए मौत की सजा सुनाई गई थी. अन्य दो श्रीलंकाई मालिगावाटे, कोलंबो से 35 वर्षीय मोहम्मद फारिस और कोलंबो 13 से 43 वर्षीय मोहम्मद रशदीन हैं. मोहम्मद फारिस ने पेट्टा में 'नट्टामी' या गाड़ी खींचने वाले के रूप में काम किया था और उसे उसी वर्ष 11 मार्च, 2023 और 1 नवंबर को कोलंबो अपराध प्रभाग द्वारा गिरफ्तार किया गया था. 21 मई को उनके करीबी सहयोगी हमीद अमीर को आतंकवादी जांच प्रभाग ने गिरफ्तार कर लिया था. मोहम्मद फारिस 19 मई को चेन्नई, भारत के लिए रवाना हुआ. दूसरा संदिग्ध तिपहिया चालक मोहम्मद रशदीन है. सुरक्षा बलों को संदेह है कि वह क्रिस्टल मेथ या आईसीई (ू१८२३ह्न ीइँ ड्ड१ कउए) की तस्करी से जुड़ा हुआ है. 16 सितंबर, 2022 को रशदीन को फोरशोर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया.